वर्ष : 34 ▸ अंक : 165 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 21 अगस्त 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# DBD
# दो बजे दोपहर







## सुपर आपातकाल या
# दागियों पर लगाम!

▸▸ जेल जाते ही चली जाएगी पीएम, सीएम और मंत्रियों की कुर्सी

▸▸ विपक्ष ने विधेयक को बताया 'सुपर-इमरजेंसी' से भी आगे का कदम

▸▸ तीन विधेयक पेश, विपक्ष ने बिल की कॉपी फाड़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

**आपने लोगों को कहते सुना होगा कि पीएम, सीएम या फिर मंत्री अगर कोई जुर्म भी कर ले तो इनका कोई क्या बिगाड़ सकता है। कई बार ऐसा देखा भी गया है कि गंभीर मामलों में गिरफ्तारी के बाद भी मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके रहते हैं और पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं होते। अब ऐसे नेताओं के लिए संसद में 130 संविधान संशोधन बिल पेश किया गया है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी मंत्री या फिर खुद प्रधानमंत्री पर कोई गंभीर आपराधिक आरोप लगते हैं और उन्हें हिरासत में लिया जाता है तो उनकी कुर्सी तुरंत चली जाएगी।**

### तीन अहम विधेयक पेश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार (20 अगस्त) को लोकसभा में तीन अहम विधेयक पेश किए। इनमें एक संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, दूसरा- केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 और तीसरा- जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल है। संसद सत्र के खत्म होने से महज दो दिन पहले लाए गए इन विधेयकों को लेकर लोकसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्ष ने इस विधेयक पर सवाल उठाने के साथ बिल की प्रतियां फाड़कर भी फेंकी। हालांकि, सदन में इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। संयुक्त संसदीय समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे और यह समिति अपनी रिपोर्ट अगले संसद सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक पेश करेगी।

## क्या हैं ये तीन विधेयक, जिन पर हो रहा बवाल?

### 1 संविधान (130वां) संशोधन विधेयक, 2025

संविधान संशोधन विधेयक के जरिए संविधान के अनुच्छेद 75 में बदलाव किया जाएगा। इसमें कहा गया है- 'एक मंत्री, जो कि पद पर रहने के दौरान किसी ऐसे गंभीर अपराध के मामले में आरोपी हो, जिसमें जेल की सजा पांच साल या इससे ज्यादा हो सकती हो। अगर ऐसे मंत्री को 30 दिन के लिए लगातार गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है, तो उन्हें प्रधानमंत्री की सलाह के आधार पर कस्टडी के 31वें दिन तक राष्ट्रपति द्वारा पद से हटाया जा सकता है।' विधेयक के मुताबिक, 31वें दिन तक पीएम की तरफ से सलाह न मिलने की स्थिति में भी मंत्री खुद ही पद पर रहने के लिए अयोग्य हो जाएंगे। विधेयक में आगे कहा गया है कि अगर कोई प्रधानमंत्री खुद ऐसे गंभीर अपराध के मामले में आरोपी है, जिसमें पांच साल या इससे ज्यादा की सजा हो सकती है और उन्हें 30 दिन के लिए लगातार गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है तो उन्हें कस्टडी के 31वें दिन तक खुद ही अपना इस्तीफा देना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करते तो इसके अगले दिन से खुद ही प्रधानमंत्री पद के लिए अयोग्य हो जाएंगे।

### 2 केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के नियमों को केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), जैसे- दिल्ली, पुदुचेरी, आदि में लागू करने के लिए सरकार यह संशोधन विधेयक लेकर आई है। इसके तहत अगर केंद्र शासित प्रदेश का कोई मंत्री ऐसे गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होता है, जिसमें सजा पांच साल या इससे ज्यादा हो सकती है। ऐसे मंत्री को अगर कम से कम 30 दिन के लिए गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है तो उसे मुख्यमंत्री की सलाह पर 31वें दिन तक उपराज्यपाल द्वारा पद से हटाया जा सकता है। संविधान 130वें संशोधन विधेयक में जिस तरह के नियम प्रधानमंत्री के लिए हैं, कुछ उसी तरह के नियम केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भी लागू होंगे।

### 3 जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के नियमों को जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर लागू करने के लिए ही केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 लेकर आई है। इसके तहत अगर जम्मू-कश्मीर का कोई मंत्री ऐसे गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होता है, जिसमें सजा पांच साल या इससे ज्यादा हो सकती है। ऐसे मंत्री को अगर कम से कम 30 दिन के लिए गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है तो उसे मुख्यमंत्री की सलाह पर 31वें दिन तक उपराज्यपाल द्वारा पद से हटाया जा सकता है। संविधान 130वें संशोधन विधेयक में जिस तरह के नियम प्रधानमंत्री के लिए हैं, कुछ उसी तरह के नियम जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पर भी लागू होंगे।

### विपक्ष के लगभग सभी दलों ने विरोध दर्ज कराया



ये लोग ऐसा बिल लेकर आ रहे हैं, जो मध्ययुग में हमें ले जाएगा। जब राजा अपनी मर्जी से किसी को भी हटा सकता था। उसमें चुने हुए व्यधिक्यायु का कोई मतलब नहीं था। आपको उनका चेहरा पसंद नहीं तो केस दर्ज करेंगे और हटा देंगे।

**राहुल गांधी, कांग्रेस**



ये ब्लैकमेल करने का नया तरीका है। कानून नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को डराने के लिए लाया गया है। इनका यही काम है। पहले भी हेमंत सोरेन और केजरीवाल को जेल में रखा, लेकिन दोनों बरी हो गए। ये सब लोकतंत्र को कमजोर करने की चाल है। अब जरा सोचिए, बिहार के नीतीश कुमार, जो दिन में तीन बार पाला बदल सकते हैं और आंध्र के चंद्रबाबू नायडू जो चुनावी हवा के हिसाब से पाल बदलते हैं दोनों को ये संदेश देना कि जरा संभल कर, वरना गद्दी जाएगी।

**तेजस्वी यादव, आरजेडी नेता**



130वां संविधान संशोधन विधेयक 'सुपर-इमरजेंसी' से भी आगे का कदम है, जो भारत में लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा। मोदी सरकार के इस विधेयक का उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता को समाप्त करना है।

**ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**



मैं इन तीनों विधेयकों को पेश किए जाने का विरोध करता हूं... यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर देता है... यह विधेयक राज्य के उन संस्थानों द्वारा राजनीतिक दुरुपयोग का रास्ता खोलता है।

**मनीष तिवारी, कांग्रेस सांसद**

## खबर संक्षेप

### रोहित पवार अक्सर बिना सबूत के दावे करते हैं: देवेंद्र



**मुंबई।** एनसीपी (सपा) विधायक रोहित पवार द्वारा सिडको अध्यक्ष संजय शिरसाट पर लगाए गए ज़मीनी अनियमितताओं के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नेता अक्सर बिना सबूत के ऐसे दावे करते हैं। आरोप लगाने से पहले, उन्हें उचित सबूत इकट्ठा करने चाहिए।

### पांच आईएएस अफसरों का तबादला

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने पांच आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। मुंबई में स्टाम्प ड्यूटी का अतिरिक्त नियंत्रक पद पर रघुनाथ गावडे को नियुक्त किया गया है। अकोला की नई जिलाधिकारी वर्षा मीणा होंगी। वाशिम के जिलाधिकारी योगेश कुंभेजकर बनाए गए हैं। परभणी के जिलाधिकारी पद पर संजय चव्हाण को भेजा गया है। अकोला स्थित महाराष्ट्र राज्य बीज महामंडल (महाबीज) की प्रबंध निदेशक भुवनेश्वरी एस होंगी।

### सहकारी संस्थाओं का चुनाव 30 तक टला

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं के चुनाव को 30 सितंबर 2025 तक टालने का फैसला किया है। सहकारिता विभाग ने यह निर्णय राज्य में लगातार बारिश और उसके कारण बिगड़े हालात को देखते हुए लिया। राज्य सहकारी चुनाव प्राधिकरण, पुणे के अनुसार अभी 3,188 सहकारी संस्थाओं में चुनाव प्रक्रिया चल रही थी। इनमें अ और ब वर्ग की 285 सहकारी संस्थाएं शामिल हैं। कई संस्थाओं में चुनाव चिन्ह पहले ही वितरित किए जा चुके हैं, जबकि कुछ में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रथम पदाधिकारी के चयन की प्रक्रिया बाकी है।

### योजना का लाभ ले रही 'सरकारी लाडली बहनों' की होगी वसूली

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 1183 सरकारी कर्मचारियों ने बिना किसी पात्रता के 'लाड़की बहिन' योजना का लाभ उठाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन महिलाओं को जोरदार झटका लगने वाला है और इनसे 'लाड़की बहिन' योजना का पैसा वसूला जाएगा। खबर यह भी है कि सरकार द्वारा इन महिलाओं को दी जाने वाली वेतन वृद्धि भी रोक दी जाएगी। राज्य में आर्थिक रूप से कमज़ोर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, राज्य सरकार ने जून 2024 से लड़की बहन योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से, गरीब और बेसहारा महिलाओं को सरकार द्वारा 1500 रुपए प्रति माह की सहायता प्रदान की जाती है।

# लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल पास

- पैसा लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध
- बैन हो सकती है टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11
- रमी, पोकर पर भी रोक लगाने की तैयारी

एजेंसी । नई दिल्ली

आने वाले दिनों में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम-11, रमी, पोकर वगैरह सब बंद हो सकते हैं। ड्रीम-11 भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर भी है। 20 अगस्त को लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पास हो गया। ये बिल ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है। अगर राज्यसभा में भी ये बिल पास हो गया, तो सभी मनी बेस्ड ऑनलाइन गेम्स पर रोक लग जाएगी। चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक लगेगी। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।



### ध्वनिमत से पारित

सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है।

### ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर इसका क्या असर होगा?

भारत में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट अभी करीब 32,000 करोड़ रुपए का है। इसमें से 86% रेवेन्यू रियल मनी फॉर्मेट से आता है। 2029 तक इसके करीब 80 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद थी। लेकिन इस बैन से ड्रीम 11, गेम्स 24x7, विंजो, गेम्सक्राफ्ट जैसी बड़ी कंपनियां मुश्किल में पड़ सकती हैं। इंडस्ट्री के लोग कह रहे हैं कि सरकार के इस कदम से 2 लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। सरकार को हर साल करोड़ों रुपए के टैक्स का नुकसान भी हो सकता है।

### बिल में कई सख्त नियम:

- रियल-मनी गेम्स पर रोक: कोई भी मनी बेस्ड गेम ऑफर करना, चलाना, प्रचार करना गैरकानूनी होगा। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को कोई सजा नहीं होगी।
- सजा और जुर्माना: अगर कोई रियल-मनी गेम ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन चलाने वालों को 2 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
- रेगुलेटरी अथॉरिटी: एक खास अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करेगी, गेम्स को रजिस्टर करेगी और ये तय करेगी कि कौन सा गेम रियल-मनी गेम है।
- ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा: पबजी और फ्री फायर जैसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को सपोर्ट किया जाएगा। ये गेम्स बिना पैसे वाले होते हैं इसलिए इन्हें बढ़ावा मिलेगा।



# धनंजय मुंडे की होगी लोकायुक्त के समक्ष पेशी

▸▸ ऊंची दरों पर कृषि वस्तुओं की खरीददारी का आरोप



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राकांपा (अजित पवार गुट) के विधायक और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। राज्य के लोकायुक्त ने सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया की शिकायत पर उन्हें गुरुवार को होने वाली सुनवाई में उपस्थित रहने का नोटिस जारी किया है। दमानिया ने आरोप लगाया है कि कृषि मंत्री रहते हुए धनंजय मुंडे ने कृषि वस्तुओं की खरीदी बाजार भाव से कहीं अधिक दरों पर की थी। यह खरीद उनकी पत्नी राजश्री मुंडे की कंपनी— व्यंकटेश्वरा इंडस्ट्रियल एंड टरटाइल लॉजिस्टिक्स—के माध्यम से हुई थी। दमानिया का कहना है कि यह मामला ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के तहत आता है और इसमें करोड़ों रुपए का हेरफेर हुआ।

### किन्हें बुलाया गया सुनवाई में?

लोकायुक्त ने मुंडे के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव, कृषि विभाग के प्रधान सचिव और एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक को भी सुनवाई में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है। दमानिया को भी पेश होकर अपने आरोपों को साबित करने का मौका मिलेगा। दमानिया ने आरोप लगाया था कि मुंडे के आदेश पर कृषि सामग्री की खरीदी जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, बैटरी स्पेयर और कॉटन बैग जैसी वस्तुओं की खरीदी बाजार मूल्य से अधिक दरों पर हुई थी।

# वडाला में कॉर्पोरेट के तर्ज बनेंगी जीएसटी भवन की इमारतें

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने निर्देश दिए हैं कि वडाला स्थित निर्माणाधीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भवन की चार में से पहली इमारत का काम दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भवन कॉर्पोरेट शैली में आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया जाए। बुधवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में जीएसटी भवन में सरकारी कार्यालयों को स्थान आवंटित करने पर चर्चा हुई। इस बैठक में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजगोपाल देवरा, सार्वजनिक निर्माण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा म्हैसकर, राज्य के जीएसटी आयुक्त आशीष शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बेस्ट के टेस्ट में हारे ठाकरे ब्रदर्स

▸▸ पहली परीक्षा में ही फेल

▸▸ बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में मिली करारी हार



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और मनसे गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। बेस्ट एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के चुनाव में ठाकरे बंधुओं को करारी हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे के पैनल को सभी 21 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे साथ आए थे। ऐसा माना जा रहा है दोनों पार्टियां मुंबई नगर निगम चुनाव साथ में लड़ने की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में मिली हार ने गठबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सोमवार को हुआ था मतदान

मुंबई नगर निगम बेस्ट के कर्मचारियों से जुड़ी हाई-प्रोफाइल सहकारी ऋण समिति के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतगणना मंगलवार को शुरू हुई और देर रात तक जारी रही। चुनाव में पांच पैनल थे। इसमें एक शशांकराव का पैनल था। जबकि महायुति समर्थित सहकार समृद्धि पैनल था। जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष नाम से पैनल बनाकर प्रत्याशी उतारे थे। शिवसेना (यूबीटी) ने 18, मनसे ने दो और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ (एससीएसटी) से एक उम्मीदवार मैदान में उतारा।

### शशांक के पैनल को अधिकतम 14 सीटें मिलीं

चुनाव में शशांक राव के पैनल को अधिकतम 14 सीटें मिलीं। जबकि सहकार समृद्धि पैनल ने सात सीटें अपने नाम कीं। इसके अलावा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष पैनल को एक भी सीट नहीं मिली। बेस्ट कामगार सेना (सेना-यूबीटी से संबद्ध) के अध्यक्ष सुहास सामंत ने बताया कि उनके सभी 21 उम्मीदवारों की हार चौंकाने वाली है।

### नौ साल की सत्ता हाथ से फिसली

बेस्ट इंपलॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड में नागरिक उपक्रम के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी सदस्य हैं, जो निर्वाचक मंडल का गठन करते हैं। इस क्रेडिट सोसायटी के 15,000 से अधिक सदस्य हैं और कई वर्षों तक इस पर नौ साल तक शिवसेना यूबीटी से जुड़ी बेस्ट कामगार सेना का प्रभुत्व रहा है। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के नेताओं ने कहा था कि बेस्ट उपक्रम में मनसे के पास पर्याप्त ताकत नहीं है।

**सामरिक शक्ति** ▸ भारत को मिला दुश्मन से मुकाबला करने का सबसे बड़ा हथियार

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी । चांदीपुर

भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मध्यवर्ती दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (IRBM) का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (ITR) से किया गया, जो भारत की सामरिक शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्षा मंत्रालय ने इस सफलता की पुष्टि करते हुए कहा कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया और इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंड सफल रहे। बता दें कि भारत ने अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण से पहले नोटम (नोटिस टू एयरमेन) जारी किया था, जिसमें हवाई और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र को प्रतिबंधित किया गया था। बाद में, इस नोटम की दूरी को और बढ़ाया गया था ताकि मिसाइल की 5,000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता का पूर्ण परीक्षण किया जा सके।



### भारत के लिए इस मिसाइल का रणनीतिक महत्व

यह परीक्षण भारत की 'न्यूनतम विश्वसनीय निवारण' नीति के अनुरूप है, जो 'नो फर्स्ट यूज' की प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है। न्यूनतम विश्वसनीय निवारण एक परमाणु सिद्धांत है जिसमें कोई देश अपने परमाणु हथियारों का उपयोग केवल आत्मरक्षा के लिए करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उसके ऊपर परमाणु हमले को रोकने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार हों। अग्नि-5 की रेंज इसे पूरे एशिया, चीन के उत्तरी क्षेत्रों और यूरोप के कुछ हिस्सों तक लक्ष्य भेदने में सक्षम बनाती है।

### अग्नि-5 की विशेषताएं और महत्व

अग्नि-5 एक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है, जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है। इस मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर से अधिक है, जो इसे भारत की सबसे एडवांस मिसाइलों में से एक बनाती है। यह तीन चरणों वाली ठोस ईंधन से संचालित मिसाइल है, जो 17 मीटर लंबी और 2 मीटर चौड़ी है। इसका वजन लगभग 50 टन है और यह 1.5 टन तक के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। अग्नि-5 को सड़क पर चलने योग्य (रोड-मोबाइल) और कैनिस्टराइज्ड लॉन्च सिस्टम के साथ डिजाइन किया गया है, जो इसे जल्दी और आसानी से तैनात करने की सुविधा प्रदान करता है। यह तकनीक मिसाइल को लंबे समय तक स्टोर करने, परिवहन करने और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत लॉन्च करने में सक्षम बनाती है।

# कबूतरों की बढ़ती तादाद से स्वास्थ्य संकट

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

## बीमारियों की चपेट में नागरिक

शहर में कबूतरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। कबूतरों के मल और पंखों से उत्पन्न धूल के कारण श्वसन, त्वचा, पाचन तंत्र और फंगल संक्रमण जैसी बीमारियों में इजाफा देखा जा रहा है। खासकर फेफड़ों की बीमारियों के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कबूतरों ने कैंप-1 में अनिल गुलाब जामुन की दुकान परिसर, गोल मैदान स्थित जय अंबे माता मंदिर, कैंप-3 में अशोक-अनिल थिएटर



के पीछे, कैंप-4 में छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर और कैंप-5 में साईंबाबा मंदिर के पास बड़े पैमाने पर बसेरे बना लिए हैं।

### हाईकोर्ट ने भी जताई चिंता



इस मुद्दे को बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी गंभीर माना है। विजय कदम ने कहा कि मनपा प्रशासन को तुरंत कदम उठाकर सार्वजनिक स्थलों, इमारतों और शहरी बस्तियों में अनाज फेंकने पर रोक लगानी चाहिए और ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कदम ने नगर आयुक्त से अपील की है कि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कबूतरों की बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के लिए मनपा तुरंत प्रभावी उपाय लागू करे।

### सामाजिक संगठनों की मांग

सामाजिक संगठन एक हाट मधु के अध्यक्ष विजय कदम ने उल्हासनगर महानगरपालिका (UMC) से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कबूतरों की संख्या हर दिन हजारों में बढ़ रही है और कई स्थानों पर नागरिक खुद दाना-पानी रखकर समस्या को और गंभीर बना रहे हैं।

# उल्हासनगर में बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति

## • 200 घरों में घुसा पानी

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

भारी बारिश ने शहर के भारत नगर, अशोक सम्राट नगर सहित कई निचले इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया। लगातार तीन दिनों से हो रही वर्षा के कारण उल्हास नदी और वालधुनी नालों का पानी घरों में घुस गया। अचानक आई इस बाढ़ से लगभग 200 घर प्रभावित हुए और नागरिकों को घरेलू सामान बाहर निकालने का भी मौका नहीं मिला।





### थारा सिंह दरबार ने बढ़ाया मदद का हाथ

उल्हासनगर के 17 सेक्शन स्थित थारा सिंह दरबार ने एक बार फिर मुश्किल समय में मदद का हाथ बढ़ाया है। यहां 24 घंटे मुफ्त लंगर सेवा शुरू की गई है और प्रतिदिन हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। दरबार के प्रमुख टिल्लू भाई साहब ने कहा कि 'दरबार के द्वार ऐसे विकट समय के लिए हमेशा खुले हैं, कोई भूखा नहीं सोना चाहिए।'

### घरेलू सामग्री और वाहन डूबे

पानी घुसने से घरों में रखा अनाज, फर्नीचर और अन्य सामग्री पूरी तरह खराब हो गई। कई घरों में टीवी और दोपहिया वाहन भी पानी में डूब गए। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। फिलहाल लोग अपने घरों से पानी निकालने और सामान बचाने में लगे हैं। स्थिति की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने आपातकालीन सेवाओं को तुरंत राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं शिवसेना के स्थानीय कार्यकर्ता संदीप डोंगरे ने बताया कि बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

# एमबीवीवी पुलिस ने सेंधमार को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । मीरा रोड

मीरा रोड के नया नगर इलाके में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में सेंधमारी कर लाखों रुपए का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। 18 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने दुकान से 10 लैपटॉप, 17 आईफोन, 15 मोबाइल फोन, 10 टैबलेट, 2 कैमरे और 3 लाख 10 हजार रुपए नकद उड़ा लिए। शिकायत दर्ज होने के बाद नया नगर पुलिस ने जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमर जगदाले के मार्गदर्शन में टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी



फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपियों की पहचान हो गई। गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 20 अगस्त को दहिसर इलाके से एक आरोपी को धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के 8 लैपटॉप, 18 आईफोन, 21 मोबाइल फोन और 4 टैबलेट बरामद किए। पुलिस के अनुसार वारदात में शामिल सभी आरोपी शातिर अपराधी हैं।

# काशीमीरा में तीन मादक तस्कर गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

काशीमीरा पुलिस थाने की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 10 ग्राम हेरोइन, एक दुपहिया वाहन और नकद रकम समेत कुल 3 लाख 25 हजार 893 रुपए का माल जब्त किया। नवनियुक्त एमबीवीवी पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने शहर में प्रतिबंधित मादक पदार्थों के कारोबार पर नकेल कसने के लिए सख्त मुहिम छेड़ रखी है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले के नेतृत्व में पुलिस



टीम ने काशीमीरा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास छापा मारकर दो पेशेवर अपराधियों रमजान अंसारी और आसिफ खान को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी हेरोइन की आपूर्ति जुबैर नामक व्यक्ति से लेते थे। बाद में पुलिस ने जुबैर को भी दबोच लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले के अनुसार तीनों आरोपी काशीमीरा के मुंशी कंपाउंड इलाके के रहने वाले हैं।

# महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन घोषित कर दिया गया है। उम्मीदवारों के पात्रता प्रमाण पत्र 1 से 8 सितंबर तक शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) जिला परिषद, शिक्षा निरीक्षक मुंबई के कार्यालय में जमा किए जाएंगे। उम्मीदवारों को परीक्षा परिषद की वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को पढ़ना चाहिए और प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उस जिले के जिला परिषद शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) शिक्षा निरीक्षक मुंबई के कार्यालय से संपर्क करना चाहिए जहां से उन्होंने परीक्षा दी थी।

# चार दिन की भारी बारिश के बाद आंशिक राहत

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

लगातार चार दिनों की तेज़ बारिश के बाद बुधवार को ठाणे में केवल 23 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि बारिश की तीव्रता घटी, लेकिन शहरवासियों के लिए संकट अभी खत्म नहीं हुआ है। पेड़ गिरने, सुरक्षा दीवारें ढहने और जलभराव की घटनाओं ने नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुबह वागले एस्टेट स्थित लवेश सोसाइटी में एक बड़ा पेड़ गिरा, जिससे सोसाइटी की सुरक्षा दीवार ढह गई। दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन दल ने तुरंत



कार्रवाई कर पेड़ को काटा और 30 फुट लंबी, 8 फुट ऊंची दीवार को हटाया। सवाल यह है कि हर साल नाले और गटर सफाई कागजों पर ही क्यों रह जाती है, और पेड़ों-दीवारों के गिरने का खतरा क्यों बढ़ता जा रहा है?

### वसंत विहार में कार दबाई, गनीमत से बची जान

वसंत विहार के केतकी सोसाइटी के पास एक और पेड़ गिरा और उसके नीचे एक कार दब गई। हालांकि किसी की जान नहीं गई, लेकिन नागरिकों का सवाल है कि समय पर पेड़ों की छंटाई क्यों नहीं की गई। अगर कोई जनहानि होती तो जिम्मेदारी किसकी होती?

### दिवा और माजीवाड़ा में जलभराव

दिवा स्टेशन के पास आर.के. बाज़ार और माजीवाड़ा गाँव में जलभराव से नागरिकों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर बने गड्ढों और गंदे पानी ने स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ा दिए हैं।

### पातलीपाड़ा में टहनी गिरने से हादसा


पातलीपाड़ा इलाके में अचानक एक पेड़ की टहनी गिरने से दुर्घटना हुई। सौभाग्य से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इस तरह की घटनाओं ने वृक्ष प्रबंधन और बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मुफ्त नसबंदी शिविर में 3000 रुपए की वसूली

## • डॉक्टरों पर गंभीर आरोप, वीडियो वायरल

डीबीडी संवाददाता । शहापुर

शहापुर तालुका के खर्डी ग्रामीण अस्पताल में आयोजित नसबंदी शिविर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सरकार और जिला परिषद की ओर से ग़रीब व आदिवासी महिलाओं के लिए मुफ़्त नसबंदी शस्त्रक्रिया शिविर आयोजित करने का दावा किया जाता है, लेकिन हक़ीक़त इसके विपरीत निकली। जानकारी के अनुसार टेंभा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आयोजित इस शिविर में लगभग 52 महिलाओं की नसबंदी की गई। ये महिलाएं दूर-दराज़ के आदिवासी पाडों और पहाड़ी



इलाक़ों से पहुंची थीं। आरोप है कि प्रत्येक महिला से 3,000 रुपए वसूले गए, जबकि शिविर को सरकारी योजना के तहत पूरी तरह मुफ़्त बताया गया था।

### वीडियो से हुआ खुलासा

स्थानीय निवासी सागर बागुल को जब इस गड़बड़ी की जानकारी हुई तो वे मौके पर पहुंचे। सवाल पूछे जाने पर डॉक्टर और स्टाफ़ जल्दबाज़ी में गाड़ी में बैठकर वहां से निकल गए। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में युवा सागर अशोक बाबुल आरोप लगाते दिखते हैं कि डॉक्टरों की सैलरी लाखों में होती है, इसके बावजूद वे गरीब आदिवासी महिलाओं से 3000 रुपए वसूल रहे हैं। 'गरीब महिलाएं पेट काटकर इलाज कराती हैं और इन्हीं से लूट की जा रही है, जबकि यह योजना सरकार द्वारा पूरी तरह मुफ़्त है।'

### प्रशासन पर सवाल

इस घटना ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुफ़्त इलाज और योजनाओं के नाम पर गरीबों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। आदिवासी महिलाओं की मजबूरी का फायदा उठाना न केवल अमानवीय है बल्कि सरकारी योजनाओं की साख पर भी धब्बा है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी डॉक्टरों व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# पाकिस्तान से क्रिकेट पर बीसीसीआई और केंद्र पर बरसे आदित्य ठाकरे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (उद्धव) विधायक आदित्य ठाकरे ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट खेलने को लेकर बीसीसीआई और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर सवाल उठाया कि क्या अब बीसीसीआई देश से भी बड़ा हो गया है? आदित्य ठाकरे ने कहा कि जब पाकिस्तान लगातार सीमा पर आतंक फैला रहा है और निर्दोष भारतीयों की जान ले रहा है, तब उसके साथ खेल संबंध रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते, लेकिन लगता है बीसीसीआई का खून और राजस्व एक साथ बह सकता है।'



### 'शहीदों का अपमान है पाकिस्तान से खेलना'

ठाकरे ने जोर देते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना देश के शहीदों का अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पाकिस्तान ने भारत में हॉकी खेलने से मना कर दिया, तो बीसीसीआई क्रिकेट में ऐसा कदम क्यों नहीं उठा सकती?


### 'देश की भावनाओं से ऊपर हो गया है बोर्ड?'

उन्होंने कहा कि भारत की टीम को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए भेजा जा रहा है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने पूछा, 'क्या बीसीसीआई अब देश की भावनाओं और ऑपरेशन सिंदूर से ऊपर हो गया है?' ठाकरे ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार मानकर भारत ने डेलिगेशन विदेश में भेजे थे। अब क्या हमें फिर से दुनिया को बताना पड़ेगा कि हम पाकिस्तान से क्रिकेट क्यों खेल रहे हैं? उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मामले में राजनीति से ऊपर उठकर अलग और सख्त फैसला लेने की जरूरत है।

# बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में कंटेनर तालाब में गिरा

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के पारोल हाईवे पर तलावली नाका के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त होकर तालाब में जा गिरा।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कंटेनर भिवंडी से पारोल की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक कंटेनर बंद हो गया। चालक और स्थानीय लोगों की मदद से उसे चालू कर आगे बढ़ाया गया। लेकिन कुछ ही दूरी पर अचानक दो से तीन बाइक सवार सामने आ गए। उनकी जान बचाने के लिए चालक ने गाड़ी मोड़ी, जिससे कंटेनर तालाब में गिर गया। हादसे के दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। तालाब में गिरने के



बावजूद चालक समय रहते बाहर निकल आया और सुरक्षित है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। फिलहाल तालाब में गिरे कंटेनर को बाहर निकालने का प्रयास जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक ने अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक सवारों की जान बचाई, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया।


## पश्चिम रेलवे

### विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400,008 आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (₹) में | अग्रिम जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCT/25-26/189 Dated 18.08.2025 | एडीईएन/वलसाड के अधिकार क्षेत्र में वलसाड स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (जेडटीसी) और नर्मदा एवं गिरनार आरपीएफ बैरक की मरम्मत। | ₹2,29,74,329.72 | ₹2,64,900 |
| 2 | BCT/25-26/190 Dated 18.08.2025 | विरार-जोरावासन खंडः- एडीईएन/दहानू रोड के अधिकार क्षेत्र में घोलवड और दहानू रोड ओआरएच की मरम्मत। | ₹87,71,483.41 | ₹1,75,400 |
| 3 | BCT/25-26/191 Dated 18.08.2025 | वलसाड-डीएफसीसीआईएल और लोको शेड लाइन के बीच 350 मीटर लंबाई की 02 स्पर लाइनों का विकास और अतिरिक्त/सिक-फिट कोचों को स्थिर करने के लिए मौजूदा उपयोगिताओं को स्थानांतरित करके वाशिंग और मुख्य लाइन के बीच 350 मीटर लंबाई की 04 स्पर लाइनों का विकास। | ₹2,61,51,330.76 | ₹2,80,800 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए, जमा करने की तिथि और समय:** 16.09.2025, 15.00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समय:** 16.09.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0516

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400,008 आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (₹) में | अग्रिम जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCT/25-26/192 Dated 19.08.2025 | महालक्ष्मी (जीएसडी) और मुंबई सेंट्रल में 5 स्टोर डिपो के बुनियादी ढांचे में सुधार (संयुक्त निविदा) | ₹8,18,66,019.44 | ₹5,59,300 |
| 2 | BCT/25-26/193 Dated 19.08.2025 | (1) लोअर परेल स्थित व्हील शॉप के पीछे के सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन, जिसमें 25 पहियों और अन्य सामग्रियों को समायोजित किया जा सके (2) लोअर परेल वर्कशॉप में सुरक्षा उद्देश्यों के लिए बोगी शॉप, फिएट शॉप, सीआर शॉप, बफ शॉप और पेंट शॉप में सुरक्षा हार्नेस का प्रावधान | ₹3,31,63,092.36 | ₹3,15,800 |
| 3 | BCT/25-26/194 Dated 19.08.2025 | महालक्ष्मी में ओएच और यूजी टैंकों की संरचनात्मक मजबूती का जीर्णोद्धार और संवर्धन। | ₹97,22,641.95 | ₹1,94,500 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए, जमा करने की तिथि एवं समय:** 16.09.2025, 15.00 बजे तक। **खोलने की तिथि एवं समय:** 16.09.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0518


Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly


# ठाणे जिले में खाद विक्रय हेतु नई एल-1 प्रणाली अनिवार्य

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

केंद्रीय उर्वरक विभाग के निर्देशानुसार अब उर्वरक विक्रेताओं को खाद बेचने के लिए पुरानी प्रणाली के बजाय एल-1 विक्रय प्रणाली का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह प्रणाली भारतीय आधार प्राधिकरण से प्रमाणित है और उर्वरक वितरण की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लागू की गई है।

सभी विक्रेताओं को 20 अगस्त 2025 तक नई एल-1 मशीन प्राप्त कर उसे लागू करना होगा। इसके बाद पुरानी प्रणाली से बिक्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। केवल एल-1 प्रणाली के माध्यम से ही खाद वितरित




होगी। ठाणे जिले में अभी तक 153 नई एल-1 मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। इन मशीनों की आपूर्ति और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आरसीएफ कंपनी को दी गई है। खास बात यह है कि कंपनी विक्रेताओं को मशीनें निःशुल्क उपलब्ध करा रही है।

### प्रशासन का मार्गदर्शन

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के नेतृत्व में इस प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है। जिला परिषद के कृषि विकास अधिकारी मुनीर बचोटिकर ने विक्रेताओं से समय पर प्रणाली लागू करने की अपील की है। नई प्रणाली से खाद वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगा। कृषि विभाग ने कहा है कि समयसीमा तक एल-1 प्रणाली लागू न करने वाले विक्रेता उर्वरक बेचने के लिए पात्र नहीं होंगे।

# भारतीय डाक और डब्ल्यूटीसी मुंबई का ऐतिहासिक समझौता

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय डाक (DoP) और विश्व व्यापार केंद्र (WTC) मुंबई ने एमएसएमई, स्टार्टअप्स और उद्यमियों को वैश्विक व्यापार से जोड़ने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय डाक की विशाल डाक नेटवर्क क्षमता और डब्ल्यूटीसी मुंबई की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञता को एक साथ लाती है। यह सहयोग भारतीय निर्यातकों को DoP के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (IBC) और विदेशी डाकघर,

## एमएसएमई और उद्यमियों को वैश्विक व्यापार में नई गति



मुंबई की सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। निर्यात दस्तावेज़ीकरण, सीमा शुल्क अनुपालन और पैकेजिंग सुविधाओं जैसी सेवाएँ MSME और छोटे कारोबारियों को वैश्विक बाज़ार में आसानी से प्रवेश दिलाएंगी।

### डाक विभाग की पहल

- **डाक घर निर्यात केंद्र (DNK):** लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सरलीकृत निर्यात प्रक्रिया और अनुकूलित समाधान।
- **पार्सल पैकेजिंग इकाइयाँ:** सुरक्षित और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग।
- **राजस्व वृद्धिः** 2024-25 में अंतर्राष्ट्रीय मेल व पार्सल सेवाओं से 168 करोड़ और 2025-26 (जुलाई तक) में 43 करोड़ का राजस्व।

### डब्ल्यूटीसी मुंबई की भूमिका

डब्ल्यूटीसी मुंबई सालाना 60+ व्यापारिक कार्यक्रमों, बी2बी/बी2जी मीट, एक्सपो और निर्यात सम्मेलनों का आयोजन करता है। ट्रेड पॉइंट मुंबई के माध्यम से यह एसएमई को डिजिटल व्यापार क्रेडेंशियल, मार्केट रिसर्च और वैश्विक व्यापार मिशनों में सहयोग प्रदान करता है।

**संयुक्त प्रभाव:** एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार

# बारिश से 20 लाख एकड़ से अधिक फसलें बर्बाद

## चार दिनों से लगातार बारिश का असर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने बुधवार को बताया कि राज्य में पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से 20 लाख 12 हज़ार एकड़ क्षेत्र में लगी फसलों को नुकसान पहुँचा है। राज्य सरकार ने प्रभावित जिलों में तत्काल नुकसान का पंचनामा करने का निर्देश दिया है।



### सोयाबीन, मक्का और कपास को बड़ा नुकसान

कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने बुधवार को वासिम में पत्रकारों को बताया कि राज्य में इस समय भारी बारिश कहर बरपा रही है। इस बारिश ने कई इलाकों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदियाँ और नहरें उफान पर हैं। बाँधों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे राज्य में 19 जिलों में 20 लाख 12 हज़ार 775 एकड़ में सोयाबीन, मक्का, कपास, उड़द, अरहर, मूंग और अन्य फसलों को नुकसान पहुँचा है। राज्य में नांदेड़ जिले में सबसे ज़्यादा 7 लाख 13 हज़ार 857 एकड़ और वाशिम जिले में 4 लाख 11 हज़ार 392 एकड़ ज़मीन बर्बाद हुई है। हालाँकि, क्षेत्रफल को देखते हुए, सबसे ज़्यादा नुकसान वाशिम जिले में हुआ है, भरणे ने बताया। उन्होंने कहा कि इस नुकसान का आकलन किया जा रहा है और रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद किसानों को सहायता प्रदान की जाएगी। भरणे ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ है।

### प्रभावित जिलों की सूची


कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य के 19 जिलों के 187 तहसीलों और 654 राजस्व मंडलों में भारी बारिश हुई है, जिससे कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कृषि विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, 805110 हेक्टेयर यानी 2012775 एकड़ क्षेत्र में लगी फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से 11 जिले ऐसे हैं जहाँ 10,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि नांदेड़ जिले में 285543 हेक्टेयर ,वाशिम में 164557 हेक्टेयर ,यवतमाल में 80969 हेक्टेयर ,बुलढाणा में 74405 हेक्टेयर ,अकोला में 43703 हेक्टेयर , सोलापुर में 41472 हेक्टेयर और हिंगोली जिले में 40000 हेक्टेयर में फसल की क्षति हुई है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रशासन क्षतिग्रस्त खेतों में जाकर मुआयना कर रहा है और रिपोर्ट आने के बाद नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### सरकार ने दिए तत्काल पंचनामा के आदेश

राज्य सरकार ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल पंचनामा करने का निर्देश दिया है। भरणे ने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट मिलते ही किसानों को राहत सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "सरकार किसानों के साथ खड़ी है और क्षति की भरपाई सुनिश्चित की जाएगी।"

# मनपा कर्मियों को चाहिए गणेशोत्सव से पहले वेतन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई महानगरपालिका (मनपा) के कर्मचारियों ने आयुक्त भूषण गगरानी से मांग की है कि उनका मासिक वेतन 1 सितंबर की बजाय 23 अगस्त को जारी किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि गणेशोत्सव की तैयारियों और खरीदारी के लिए अग्रिम वेतन जरूरी है। 27 अगस्त से शुरू हो रहे गणेशोत्सव को लेकर मुंबई के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। लालबाग और मुंबा देवी जैसे इलाकों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। मनपा कर्मचारी भी अपने घरों और गांवों में त्योहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### परंपरा का हवाला

कर्मचारियों की यूनियनों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार प्रशासन ने त्योहारों से पहले वेतन जारी किया है। इस बार भी वेतन तिथि आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। म्युनिसिपल मजदूर संघ के महासचिव रमाकांत बाणे ने विश्वास जताया कि कर्मचारियों की मांग को प्रशासन मान लेगा और समय पर वेतन जारी किया जाएगा।

# गणेशोत्सव पर राहत

## महाराष्ट्र में तोड़क कार्रवाई पर रोक



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्देश दिया है कि आगामी गणेशोत्सव और अन्य त्योहारों के दौरान किसी भी घर या निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई न की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के मौसम में लोगों को नोटिस देकर भय का माहौल न बनाएं और कार्रवाई केवल गणेशोत्सव के बाद ही की जाए।

### बीएमसी ने दिए थे नोटिस

उत्तर मुंबई में कथित अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ बीएमसी ने नोटिस जारी किया था। इसी को लेकर बुधवार को मंत्रालय में राजस्व मंत्री बावनकुले की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में बीजेपी उत्तर मुंबई जिला अध्यक्ष दीपक तावड़े और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### नागरिकों को गणेशोत्सव तक राहत

बैठक में नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए बावनकुले ने गणेशोत्सव तक कार्रवाई रोकने का आदेश दिया। हालांकि उन्होंने साफ कहा कि फर्जी नक्शों पर निर्माण करने वालों को छूट नहीं मिलेगी।

### जांच में सामने आई गड़बड़ी



राजस्व मंत्री ने बताया कि गोरेगांव नगर सर्वेक्षण कार्यालय के अभिलेखों में जांच के दौरान 884 सीमा मानचित्रों और 9 रेखाचित्रों में से 165 में छेड़छाड़ पाई गई है। इसी आधार पर मनपा ने तोड़क कार्रवाई शुरू की थी। बावनकुले ने कहा कि 2011 से पहले बने निर्माणों को नियमों के अनुसार कुछ रियायतें दी जा सकती हैं। गणेशोत्सव के बाद मनपा कार्यालय में विस्तृत बैठक कर आगे की कार्रवाई पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी और दो जोड़ी गणपति स्पेशल ट्रेन



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा गणपति के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना - रत्नागिरी और विश्वामित्री - रत्नागिरी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर और 2 जोड़ी गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### उधना-रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09022 उधना-रत्नागिरी स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को उधना से 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 20:00 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09021 रत्नागिरी-उधना स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को रत्नागिरी से 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:20 बजे उधना पहुँचेगी। उपर्युक्त जोड़ी ट्रेनें 21 अगस्त से 4 सितंबर, 2025 तक चलेंगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वलसाड, वापी, दहानू रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।

### विश्वामित्री - रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल (6 फेरे)

ट्रेन संख्या 09120 विश्वामित्री - रत्नागिरी स्पेशल प्रत्येक सोमवार को विश्वामित्री से 08:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 20:00 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09119 रत्नागिरी - विश्वामित्री स्पेशल प्रत्येक सोमवार को रत्नागिरी से 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:45 बजे विश्वामित्री पहुँचेगी। उपर्युक्त जोड़ी ट्रेनें 25 अगस्त और 8 सितंबर, 2025 तक चलेंगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, दहानू रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।


**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र. SRA/ARCITY/OW/२०२५/३२८५०
दि. २०/०८/२०२५.

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

धारावी आझाद नगर जनता एस. आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्या., सर्वे क्र. ८३ (भाग), डी २९ जनता नगर, धारावी मेन रोड, धारावी, मुंबई- ४०० ०१७ या संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत क्र. डी-विंग मधील ०३ निवासी सदनिकांचे (सदनिका क्रमांक १११, ११२, ११५) वितरण करणेकामी प्रस्ताव या कार्यालयास सादर केलेला आहे. सदनिकांचे वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (मुंबई शहर), बृहन्मुंबई यांचेकडिल दिनांक ११/०८/२०२५ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणुन नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

त्यानुसार या कार्यालयाकडील दि. १८/०८/२०२५ रोजीच्या नोटीसीअन्वये सदनिका वाटप यादीबाबत दि. २०/०८/२०२५ पर्यंत हरकती/सुचना/आक्षेप मागविण्यात आले आहे. परंतु सदर प्रकरणी कोणत्याही झोपडीधारकाकडून हरकती/सुचना/आक्षेप या कार्यालयास प्राप्त झालेल्या नाहीत. त्यामूळे सदर सदनिका वाटप प्रस्तावातील पात्र **झोपडीधारकांना संस्थेच्या इमारती मधील ०३ निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण दिनांक २६/०८/२०२५ रोजी सकाळी ११.३० वाजता, स्थळ प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर संगणीकृत प्रणालीव्दारे आयोजित केलेली आहे.**

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दि. २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेच्या संयुक्त इमारत क्र. १ विंग-बी मधील ०३ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

Meeting ID: ८५९ ७१३२ १०५०
Passcode: १२३४५६
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : २०.०८.२०२५

**(विरधवल जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-२) झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

टिप : १) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.

प्रति,
१. श्री. श्रीम. ........................................................................परि.२ अ.क्र....................
धारावी आझाद नगर जनता एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्या., सर्वे क्र. ८३ (भाग), डी २९ जनता नगर, धारावी मेन रोड, धारावी, मुंबई- ४०० ०१७
२. संस्थेचे नोटीस बोर्ड
३. प्रत माहितीसाठी : मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (मुंबई शहर), झोपुप्रा., बृहन्मुंबई


# मुंबई मनपा चुनाव की तैयारी तेज



## अजित पवार गुट ने नवाब मलिक को सौंपी कमान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बारिश और बाढ़ की चुनौती के बीच, महाराष्ट्र की राजनीति भी गरमा गई है। अक्टूबर में संभावित मुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनाव को देखते हुए महायुति (NDA गठबंधन) और विपक्षी दलों ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की मुंबई चुनाव प्रबंधन समिति की दूसरी बैठक बुधवार को हुई, जिसमें पूर्व मंत्री नवाब मलिक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पहुंचकर संगठित चुनाव प्रचार करने के निर्देश दिए।

### बैठक में बड़ी संख्या में नेता शामिल

इस बैठक में सिद्धार्थ कांबले, शिवाजीराव नलावडे, विधायक सना मलिक-शेख, जीशान सिद्दीकी, भास्कर विचारे, संजय तटकरे और राजू घुगे समेत कई वरिष्ठ नेता और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिवसेना का गढ़, लेकिन इस बार दिलचस्प मुकाबला

मुंबई मनपा पर तीन दशक से शिवसेना का दबदबा रहा है। लेकिन अब पार्टी दो धड़ों—उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे— में बंट चुकी है। ऐसे में मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। बीजेपी, शिंदे गुट और अजित पवार गुट की महायुति पूरी तैयारी में है, वहीं कांग्रेस और उद्धव गुट की शिवसेना भी चुनावी मोर्चे पर सक्रिय है।


**मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो/ सर्विसेज के लिए खुली ई-निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **निविदा क्र. 12 / ईएलएसकेवायएनवर्क्स 24-39-ईओटी - क्रेन. कार्य का विवरण:** विद्युत लोको शेड, कल्याण के ओल्ड आर आर शॉप में क्रेनेक्स मेक ईओटीक्रेन (मात्रा: 1 क्रेन) एंव क्रेन एमएफजी ईओटी क्रेन (मात्रा : 1 क्रेन), 50/7.5 टन का रिपेरींग/रिवामपिंग का कार्य मात्रा - 02 क्रेन। **कार्य की औसत लागत:** रु. 35,87,200/-(जी एस टी सहित). **बिड सिक्योरिटी:** रु. 71,800/-. **निविदा पत्र का मूल्य:** 0.00. **समापन/अनुरक्षणअवधि :** 06 माह. **अनुदेश : 1. उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 09.09.2025 को 11.00 बजे और उसी दिन 11.00 बजे के बाद खोली जाएगी निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। 2.** निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट**www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण ४२१३०१ के कार्यालय में भी उपलब्ध हैं। APEX-380

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**

**विभिन्न यात्री सुविधाओं और अन्य कार्यों**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (सं.एवं.दु.सं.) छ.शि.म.ट. मुंबई, पहली मंजिल पार्सल कार्यालय भवन, प्लेटफार्म क्रमांक 13 के पास, मध्य रेल, छ.शि. म.ट. मुंबई 400001, प्रतिष्ठित ठेकेदार से दो ऑनलाइन खुली निविदा बुलाना आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवम समय 19/09/2025 को 15.00 बजे होगा। **निविदा सूचना न.:** सी आर –बी बी –दु.सं.–2025–42 **कार्य का नाम:** "मुंबई डिवीजन में 15 कार ईएमयू सेवाओं के लिए प्लेटफार्म विस्तार कार्यों के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर उपनगरीय प्लेटफार्म संकेतकों, विभिन्न यात्री सुविधाओं और अन्य दूरसंचार परिसंपत्तियों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।" **लगभग मूल्य:** 11,21,07,135/– **बयाना राशि जमा:** 7,10,500/–**निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 19/09/2025 को 15:00 बजे। **वैधता:** 90 दिन **समापन अवधी:** 12 महीने निविदा का पूरा विवरण, शुद्धिपत्र और पूरे निविदा दस्तावेज भारतीय रेल के कार्यालयीन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का पूरा विवरण म.रे.प्र. (सं. एवं दु.सं.) के कार्यालय के सूचना फलक (नोटिस बोर्ड) पर भी उपलब्ध है। यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017\ दिनांक 15.06.2017 (Public Procurement Policy Order 2017\ dated 15.06.2017) का अनुपालन करती है 368

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**नायर हॉस्पिटल डेंटल कॉलेज**

सं. DC/4455/STR दिनांकः 20.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

| सं. | बोली संख्या | बोली प्रारंभ तिथि एवं समय | बोली समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | DC/4455/STR दिनांकः 06.08.2025 नायर हॉस्पिटल डेंटल कॉलेज के लिए विभिन्न प्रकार के दांतों की खरीद बोली संख्याः- **2025_MCGM_1210668** | 21.08.2025 प्रातः 10:00 बजे | 04.09.2025 अपराह्न 03:00 बजे |
| वेबसाइटः http://www.mahatenders.gov.in | | | |
| श्री महेंद्र कांबले, प्रधान लिपिक और श्री सुमीत परब, कार्यकारी सहायक (भंडार विभाग) ईमेल आईडीः c102.nairdental@mcgm.gov.in | | | |

सही/-
डीन
नायर हॉस्पिटल डेंटल कॉलेज

पीआरओ/1329/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पी/दक्षिण**

सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) कार्यालय, पी/दक्षिण वार्ड, सी.टी.एस. संख्या 746, गाँव पहाड़ी, एस.वी. रोड, गोरेगांव (पश्चिम), मुंबई-104

**एई(एसडब्ल्यूएम)/5323/पी/दक्षिण दिनांक 19/08/2025**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| बोली संख्या | 2025_MCGM_1211615_1 |
| विषय | गणेशोत्सव-2025 के लिए पी/दक्षिण वार्ड में विभिन्न स्थानों पर विसर्जन स्थलों पर अस्थायी शौचालयों की किराये पर व्यवस्था। |
| निविदा शुल्क | 1452/- + 18% जीएसटी |
| बोली सुरक्षा जमा/अग्रिम जमा | 5100.00 |
| बोली-पूर्व बैठक | लागू नहीं |
| पैकेट A, B और पैकेट C जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाइन) | 25/08/2025 |
| पैकेट A और B का उद्घाटन | 26/08/2025 |
| पैकेट C का उद्घाटन | 26/08/2025 |
| संपर्क हेतु पता | पी/दक्षिण कार्यालय भवन, चौथी मंजिल, कमरा 33, सीटीएस संख्या 746, पहाड़ी गाँव, एस.वी. रोड, गोरेगांव (पश्चिम) मुंबई-104 |
| बोली खोलने का स्थान | **एई (एसडब्ल्यूएम) पी/दक्षिण के कार्यालय में ऑनलाइन** |

अधिक जानकारी के लिए, https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें

हस्ता/-
एई (एसडब्ल्यूएम) पी/दक्षिण

पीआरओ/1336 /विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT / 01/25/35 दिनांक 14- अगस्त-2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| सं.क्र. | निविदा क्रमांक | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38253303 | जेनरेटर कार साइड-2 के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग (बाहरी) FIAT Drg.No.1268836 Ver. 01R1 और RDSO/2017/CG-01 Rev-03, जनवरी 2025 के अनुरूप | 287 नग | 02 - सितंबर-25 |
| 2 | 27253915 | इन्वर्टर मॉड्यूल सहायक कनवर्टर | 09 नग | 01 - सितंबर-25 |
| 3 | 27253413 | वाल्व जांचें | 72 नग | 03 - सितंबर-25 |
| 4 | 38251859 ए | गैर- एस्बेस्टस आधारित कार्बनिक ब्रेक पैड | 38332 सेट | 01 - सितंबर-25 |
| 5 | 38251859 बी | गैर-एस्बेस्टस आधारित ऑर्गेनिक ब्रेक पैड Rev-03 | 10400 सेट | 29- अगस्त-25 |
| 6 | 90250668 | माइल्ड स्टील प्लेट्स 6 x 1500 x 6300 | 1046 क्विंटल | 12 - सितंबर-25 |
| 7 | 38251477 | आरडीएसओ ड्रग.नं.WD-85079-s-02, Alt. 28, आइटम नं. 2 और आरडीएसओ विनिर्देश.नं. WD-21-casnub-22 NUB बोगी-93, Rev.02 के अनुरूप अन्य तकनीकी आवश्यकताओं के लिए CASNUB बोगियों के लिए बोगी केंद्र पिवट शीर्ष | 2818 नग | 22 - सितंबर-25 |
| 8 | 38251811 | गैर-एस्बेस्टोस आधारित "के" प्रकार उच्च घर्षण मिश्रित ब्रेक ब्लॉक | 123259 नग | 08- सितंबर-25 |
| 9 | 38252132 | यूआईसी प्रकार रबर वेस्टिब्यूल पार्श्व पक्ष इलास्टोमेर निकला हुआ किनारा | 408 जोड़ा | 09- सितंबर-25 |
| 10 | 38251117 ए | नट, स्प्रिंग वॉशर और 4 मिमी व्यास के साथ कुंजी बोल्ट। आरडीएसओ ड्रग.नं.एसके 69594, ऑल्ट. 38, आइटम नं.9 के लिए स्प्लिट पिन | 218418 नग | 15- सितंबर-25 |
| 11 | 27254793 | रूफ माउंडेड एयर कंडीशनिंग सिस्टम | 100 नग | 03- सितंबर-25 |
| 12 | 18252161 ए | सिलेंडर कम दबाव | 68 नग | 08- सितंबर-25 |
| 13 | 50255067 बी | पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड अनस्क्रीन्ड कॉपर कंडक्टर | 488.195 रनिंग मीटर | 28- अगस्त-25 |

**नोट :** उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

APEX-374 **कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

**क्रमांक 1. कार्य का नाम** – (ए) मुंब्रा, दिवा, कोपर, डोंबिवली और ठाकुरली स्टेशनों के प्लेटफार्मों का विस्तार। (बी) ठाणे और कलवा स्टेशनों पर प्लेटफार्म का विस्तार। (सी) सीएसएमटी–कल्याण के बीच 15 कार उपनगरीय ट्रेनों के संचालन के लिए सीएसएमटी के प्लेटफार्म संख्या 5 और 6 का विस्तार। **लगभग मूल्य** : 209.20 लाख रुपये **बयाना राशि रू में** 254600 **समापन अवधि** 3 महीने। **क्रम संख्या 2. कार्य का नाम**–(ए) सीएसएमटी–एसएसई/डब्ल्यू/सीएसएमटी के तहत सीएसएमटी स्टेशन पर सीओपी के वैली गटर की सफाई और छत के रिसाव की मरम्मत। (बी) डब्ल्यूडीआई–एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूडीआई के तहत डब्ल्यूडीआई सीएसएमटी में भूमिगत जल निकासी प्रणाली, मैनहोल और जल भंडारण टैंकों की सफाई। (सी) एसएसई/डब्ल्यू/बधवार पार्क के अंतर्गत बधवार पार्क में एल ब्लॉक, आर ब्लॉक, जंजीरा चैंबर, बेरिल हाउस, रोशेरा महल, ग्रेलैंड और 5 कफ परेड आदि में भूमिगत सीवरेज लाइन, मैनहोल, भूमिगत और ओवरहेड पानी की टंकी की सफाई। डी) एसएसई/डब्ल्यू/वाडीबंदर के अंतर्गत वाडीबंदर में मस्जिद स्टेशन से वडाला रोड स्टेशन, एमएचएल कॉलोनी, बीडी चॉल, एमएस चॉल, जीपीआरडी कॉलोनी बिल्डिंग नंबर आरबी/आई/496, आरबी/आई/497 और सेवा भवन, एनसीसी आदि की खुली भूमिगत जल निकासी लाइन, वैली गटर, भंडारण पानी की टंकी की सफाई, लीक मिट्टी और वेंट ड्रेनेज लाइन और चैंबर सैनिटरी फिटिंग की मरम्मत। **लगभग मूल्य** 198.05 लाख रुपये, **बयाना राशि रू में** 249000 **समापन अवधि** –12 महीने। **क्रमांक 3. कार्य का नाम** (ए) (ए) एडीईएन (डब्ल्यू) सीएसएमटी के तहत बूट योजना के तहत वाडीबंदर में मशीनीकृत कपड़े धोने के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति। (12 महीने के लिए)। (बी) एडीईएन (डब्ल्यू) सीएसएमटी के तहत मस्जिद, रे रोड, रावली जंक्शन आदि के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति। (12 महीने के लिए)। (बी) एनसीसी डब्ल्यूबी वाशिंग, साइडिंग में अतिरिक्त दर यानी राजहनी, दुरंतो, विशेष ट्रेनों के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति। (12 महीने के लिए) और एडीईएन (डब्ल्यू) सीएसएमटी के तहत वाडीबंदर में नई पीआईटी लाइनों की कमीशनिंग। **लगभग मूल्य** 102.05 लाख रुपये, **बयाना राशि रू** में 201000, **समापन अवधि** – 12 महीने। **क्रमांक 4. कार्य का नाम** –सीएसएमटी–जीएमएम में पुल संख्या 11/2 (1/15) और कुर्ला–ट्रॉम्बे खंड में पुल संख्या 16/2(1/12.20) और 18/4 (2/5.60) का पीएससी स्लैब/गर्डर द्वारा सुदृढ़ीकरण और जैकेटिंग सहित निर्माण कार्य एडीईएन (एम) मानखुर्द के अधीन। **लगभग मूल्य** 405.20 लाख रुपये, **बयाना राशि रू में** 352600 **समापन अवधि** –9 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1 दिनांक 01.09.2025, क्र. 2 और 3 दिनांक 30.08.2025, क्र. 4 दिनांक 10.09.2025, को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा. **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन– 022–67455323, यह निविदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है। निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई–400001 के ''नोटिसबोर्ड'' पर भी उपलब्ध है। खुली ई–निवीदा सूचना सं–मरे/मरेप्र (कार्य) बीबी/2025/24 दिनांक–13.08.2025

369 **मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## संपादकीय

# सेवा की सज़ा

इसमें दो राय नहीं कि जब भी मूल रूप से जेल की अवधारणा का विकास हुआ होगा, तो उसका मकसद भटके लोगों के जीवन में सुधार ही रहा होगा। किसी सभ्य समाज के कायदे-कानून तोड़ने वाले, भटके हुए लोगों को जेल के एकाकी जीवन में आत्ममंथन का समय देने का भी मकसद रहा होगा। साथ ही यह भी अहसास कराना होगा कि समाज से विलग रहने के क्या मायने हैं। वहीं दूसरी ओर जीवन मूल्यों व सामाजिकता का अहसास कराना भी मकसद रहा होगा। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर आधारित नई व्यवस्था छोटे अपराधों के लिए दोषियों को जेल भेजने के बजाय समाज सेवा करने का अवसर देती है। ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो और उत्तरदायित्व के साथ सामाजिकता का बोध हो सके। हरियाणा सरकार द्वारा जारी सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025 की अधिसूचना आपराधिक न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। जिसका लक्ष्य दंड देने के बजाय सुधार व बदलाव है। ऐसे समय में जब देश की जेलें कैदियों की निर्धारित संख्या से कहीं अधिक बोझ उठा रही हैं। विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 फीसदी से अधिक है, राज्य की यह पहल कम जोखिम वाले अपराधियों के लिये कारावास का सकारात्मक विकल्प प्रदान करती है। निस्संदेह, इस पहल का दायरा व्यापक होने के साथ ही उद्देश्यपूर्ण भी है। यह व्यवस्था कम संगीन अपराधों के लिये दोषियों को पार्कों के रखरखाव, अस्पतालों में मरीजों की सहायता करने, आंगनबाड़ियों में योगदान देने, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, स्वच्छ भारत तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों में योगदान के लिये प्रेरित करती है। इस बाबत जारी दिशा-निर्देश किशोरों के लिये भी भूमिकाएं निर्धारित करते हैं। मसलन, नेशनल कैडिट कोर प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण परियोजनाएं तथा महिलाओं के लिये प्रसूति वार्ड व शिशु देखभाल केंद्र जैसे सुरक्षित स्थानों पर सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। निश्चय ही नई व्यवस्था जहां एक ओर अपराधियों को उनके अपराध का प्रायश्चित करने का अवसर प्रदान करती है, वहीं समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देती है।

दरअसल, हरियाणा मॉडल के तहत की जाने वाली पहल, उसे अन्य राज्यों के प्रयासों से विशिष्टता प्रदान करती है। जैसे कि दिल्ली में 40 से 240 घंटे की सेवा निर्धारित करने वाली नीति से अलग, इसके परिचालन का विवरण, इसे विश्वसनीय बनाता है। इसके अंतर्गत बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैग की गई तस्वीरें, वीडियो प्रमाण और प्रगति रिपोर्टिंग सत्यापन इसकी सार्थकता सुनिश्चित करती है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को गौशालाओं और वृद्धाश्रमों में सेवा करने की सजा और जम्मू की एक अदालत द्वारा अपराधियों को स्वास्थ्य केंद्र और पार्क की सफाई करने के लिये बाध्य करने का आदेश यह दर्शाता है कि सामुदायिक सेवा समाज को लाभ पहुंचाने के साथ ही भटके व्यक्ति के व्यवहार को कैसे नया रूप दे सकती है। निस्संदेह, इस सुधार अभियान को सफल बनाने के लिये सुरक्षा उपाय भी बेहद जरूरी हैं। इस बात में सावधानी बरती जानी चाहिए कि समाज में बार-बार अपराध करने वालों को इस व्यवस्था से बाहर रखा जाए। दूसरा, इससे जुड़ी निगरानी पारदर्शी और मजबूत होनी चाहिए। जिसमें सावधानी से निगरानी और चूक करने पर त्वरित दंड की व्यवस्था भी शामिल है।

## शख्सियत — इस्मत चुगताई

### यथार्थवादी लेखन की प्रखर हस्ती




इस्मत चुगताई (21 अगस्त 1911 - 24 अक्टूबर 1991) एक भारतीय उर्दू उपन्यासकार, लघु कथाकार, उदार मानवतावादी और फिल्म निर्माता थीं। 1930 के दशक की शुरुआत में, उन्होंने महिला कामुकता और स्त्रीत्व, मध्यवर्गीय भद्रता और वर्ग संघर्ष जैसे विषयों पर, अक्सर मार्क्सवादी दृष्टिकोण से, व्यापक रूप से लिखा।

इस्मत चुगताई का जन्म 21 अगस्त 1911 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में नुसरत खानम और मिर्जा कसीम बेग चुगताई के घर हुआ था; वह दस बच्चों में नौवीं थीं- छह भाई और चार बहनें। चुगताई के पिता एक सिविल सेवक थे, इसलिए परिवार अक्सर स्थानांतरित होता रहा; उन्होंने अपना बचपन जोधपुर, आगरा और अलीगढ़ सहित शहरों में बिताया- ज्यादातर अपने भाइयों की संगति में क्योंकि उनकी सभी बहनों की शादी तब हो गई थी जब वह बहुत छोटी थीं। चुगताई ने अपने भाइयों के प्रभाव को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में वर्णित किया जिसने उनके प्रारंभिक वर्षों के दौरान उनके व्यक्तित्व को आकार दिया। वह अपने दूसरे सबसे बड़े भाई, मिर्जा अजीम बेग चुगताई (एक उपन्यासकार) को एक संरक्षक के रूप में मानती थीं। चुगताई के पिता के भारतीय सिविल सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद परिवार अंततः आगरा में बस गया।

चुगताई ने 1939 में उर्दू पत्रिका साक़ी के लिए फसादी (द ट्रबलमेकर) नामक एक नाटक लिखा, जो उनकी पहली प्रकाशित रचना थी। प्रकाशन के समय, पाठकों ने इसे चुगताई के भाई अज़ीम बेग द्वारा छद्म नाम से लिखे गए नाटक समझ लिया। इसके बाद, उन्होंने अन्य प्रकाशनों और समाचार पत्रों के लिए लिखना शुरू कर दिया। उनकी कुछ शुरुआती रचनाओं में बचपन (बचपन), एक आत्मकथात्मक कृति, काफ़िर (काफ़िर), उनकी पहली लघु-कहानी, और धीत (ज़िद्दी), उनका एकमात्र एकालाप, आदि शामिल हैं। एक पत्रिका के लिए लिखी गई कहानी के जवाब में, चुगताई को बताया गया कि उनका काम ईशनिंदा वाला है और कुरान का अपमान करता है। फिर भी, उन्होंने ₹उन चीज़ों के बारे में लिखना जारी रखा, जिनके बारे में वह सुनती थीं। शिक्षा में स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद, चुगताई ने अलीगढ़ स्थित गर्ल्स स्कूल की प्रधानाध्यापिका के पद के लिए सफलतापूर्वक आवेदन किया। वहाँ उनकी मुलाकात शहीद लतीफ़ से हुई और उनसे गहरी दोस्ती हो गई, जो उस समय अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे थे। अलीगढ़ में रहने के दौरान चुगताई ने विभिन्न प्रकाशनों के लिए लिखना जारी रखा। उन्हें गैंदा और खिदमतगार जैसी लघु कथाओं और इंतिखाब नाटक से सफलता मिली, जो सभी उसी दौरान प्रकाशित हुए। इसके बाद वह 1942 में बॉम्बे चली गईं और स्कूलों की इंस्पेक्टर के रूप में काम करने लगीं। उसी वर्ष बाद में, उन्होंने एक निजी समारोह में लतीफ़ से शादी कर ली, जो अब बॉलीवुड में संवाद लेखक के रूप में काम कर रहे थे।

चुगताई ने अपनी लघु-कथा लिहाफ (रजाई) के लिए व्यापक ध्यान आकर्षित किया, जो लाहौर स्थित साहित्यिक पत्रिका अदब-ए-लतीफ के 1942 के अंक में छपी थी। अलीगढ़ में एक बेगम और उसकी मालिश करने वाली के अफवाह भरे संबंध से प्रेरित, कहानी एक नवाब के रिलीज होने पर, लिहाफ ने महिला 1980 के दशक के अंत में चुगताई को अल्जाइमर रोग का पता चला, जिसके बाद उनका काम सीमित हो गया। चुगताई को दफनाने के खिलाफ जाना जाता था, जो इस्लाम में सामान्य अंतिम संस्कार प्रथा है। रख्शंदा जलील ने एन अनसिविल वुमनः राइटिंग्स ऑन इस्मत चुगताई में एक दोस्त और समकालीन लेखिका कुर्रतुलऐन हैदर के साथ चुगताई की बातचीत में से एक को उद्धृत किया, मुझे कब्र से बहुत डर लगता है। वे आपको मिट्टी के ढेर के नीचे दफना देते हैं। दम घुट जाएगा मैं दाह संस्कार करवाना पसंद करूंगी। अधिकांश विवरणों के अनुसार, चुगताई का अंतिम संस्कार उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया था।

प्रियंका शाह




# गांधी की हत्या और संघ - दमनचक्र

वास्तव में संघ का गांधी की हत्या से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था। नाथूराम गोडसे या उसके सहयोगियों का संघ के किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी से कोई संबंध नहीं था। नाथूराम गोडसे एक पत्रकार और संपादक थे। वे कट्टर हिंदुत्ववादी थे और ऐसा होना कोई अपराध नहीं था। इसी कारण उन्हें संघ हो या हिंदू महासभा- ये दोनों संगठन मुस्लिम-समर्थक कांग्रेस से अधिक निकट के लगते थे। और ऐसा लगना बिल्कुल स्वाभाविक भी था। संघ-नाथूराम या संघ-गांधी हत्या के बीच संबंध है, यह सिद्ध करने के लिए नेहरू सरकार के पास कोई लिखित प्रमाण नहीं था और न ही कोई गवाही देने वाला साक्षी था। गांधीजी की हत्या एक स्वतंत्र सोच वाले पत्रकार और संपादक द्वारा की गई दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। संघ के पास नाथूराम और उनके इस अविचारपूर्ण कृत्य का समर्थन या प्रोत्साहन करने का कोई कारण नहीं था।

**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

**संघ** एक पूर्णतः अहिंसक मार्ग पर चलने वाला और हिंदू हित के लिए समर्पित स्वंयसवसेवी संगठन होने के कारण ऐसे किसी भी प्रकार के हमलों का न तो कभी समर्थन किया और न ही कभी करेगा। इसके बावजूद संघ के बढ़ते प्रभाव और उसके प्रति द्वेष के कारण, अत्यंत दुराग्रही और जिद्दी नेहरू ने अपने सहयोगियों की राय को नजरअंदाज करते हुए संघ पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। गांधी हत्याकांड में स्वातंत्र्यवीर सावरकर जैसे हिंदू संगठनों के नेताओं को आरोपी बनाया गया और उन पर देशद्रोह और हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। इससे स्पष्ट होता है कि नेहरू भारत से संघ और हिंदुत्व को समाप्त करने के लिए कितने उतावले हो गए थे। (यदि उन्हें जरा भी अंदाजा होता कि भविष्य में संघ और संघ-प्रेरित भाजपा उनके पारिवारिक दल और विचारधारा को समाप्त करने वाले हैं, तो उनकी मानसिक स्थिति क्या होती, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।) लेकिन हमें इस महत्वपूर्ण बात पर ध्यान देना चाहिए कि तमाम प्रयासों के बावजूद नेहरू सरकार इस मामले में संघ के एक भी स्वयंसेवक को फंसाने में सफल नहीं हो पाई।

**गांधी** की हत्या के बाद कांग्रेसियों ने बेवजह उसका संबंध संघ से जोड़ दिया, जिसके चलते कई संघ स्वयंसेवकों पर हमले हुए। विशेषकर पश्चिम महाराष्ट्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने, आजीवन अहिंसा की शिक्षा देने वाले महात्मा गांधी के तथाकथित अनुयायियों ने, चुन-चुनकर ब्राह्मणों के घरों पर हमले किए, उन्हें आग के हवाले किया, अनेक लोगों के मुंह पर डांबर लगाकर उन्हें गधों पर बैठाकर जुलूस निकाले गए। इसके चलते पश्चिम महाराष्ट्र के कई गांवों के ब्राह्मण परिवारों को अपनी जान बचाने के लिए गांव हमेशा के लिए छोड़ने पड़े और वे आज तक वापस नहीं लौटे। जिस तरह इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों का नरसंहार किया गया, उसी प्रकार गांधी हत्या के बाद ब्राह्मणों का नरसंहार हुआ। घोर द्वेष और जातिवादी सोच से ग्रस्त कांग्रेस ने आज तक इस ब्राह्मण नरसंहार पर न तो खेद व्यक्त किया, न अफसोस जाहिर किया और माफी मांगना तो दूर की बात है।



**नेहरू** सरकार द्वारा संघ पर प्रतिबंध लगाते ही गुरुजी ने न केवल प्रतिबंध स्वीकार किया, बल्कि 5 फरवरी को संघ को अस्थायी रूप से भंग करके कानूनी रूप से स्थापित नेहरू सरकार को सहयोग करने की भूमिका भी अपनाई। गुरुजी का यह निर्णय उनके अद्वितीय नेतृत्वगुणों, दूरदृष्टि और ऋषिसदृश व्यक्तित्व का प्रमाण था। उस समय संघ स्वयंसेवकों के नाम लिखे पत्र में गुरुजी ने कहा-''प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीति रही है कि सभी सरकारी नियमों का पालन करते हुए ही हमें अपना कार्य करना चाहिए। जब तक संघ पर से प्रतिबंध नहीं हटाया जाता, तब तक संघ को विसर्जित करना मुझे उचित लगता है। लेकिन मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार द्वारा संघ पर लगाए गए आरोप मुझे कतई मान्य नहीं हैं।'' मात्र सात दिनों में ही नेहरू सरकार को अपनी गलती का एहसास हो गया और गांधीहत्या के संबंध में गुरुजी पर लगाए गए आरोप बिना शर्त वापस ले लिए गए। नेहरू और उनके चेले-चपाटों को मुंह की खानी पड़ी।

**सरकार** ने तुरंत यह स्वीकार कर लिया कि गुरुजी और संघ का गांधी हत्या से कोई लेना-देना नहीं था। लेकिन अपनी गलती छिपाने के लिए 'गिर गया तो भी टांग ऊपर' की तर्ज पर बिना किसी कारण के गुरुजी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत छह महीने के लिए जेल में रखने का आदेश पारित कर दिया गया। 8 अगस्त 1948 को गुरुजी की गिरफ्तारी के छह महीने पूरे हुए और उन्हें जेल से रिहा किया गया। लेकिन उसी समय उन पर अनेक प्रतिबंध थोपे गए- नागपुर के बाहर नहीं जाने, सार्वजनिक सभाओं में भाषण नहीं देने और अखबारों में लेख नहीं लिखने जैसी अजीबोगरीब और अस्वीकार्य शर्तें रखी गईं। परंतु जनता के भारी दबाव के सामने नेहरू सरकार को झुकना पड़ा और डेढ़-दो महीने के भीतर ही गुरुजी पर से सभी प्रतिबंध हटा दिए गए। नेहरू और उनके अनुयायियों को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी।

**संघ** पर लगाए गए प्रतिबंध के विरुद्ध अपना पक्ष रखने के लिए गुरुजी ने नेहरू और सरदार पटेल को कई पत्र लिखे। नेहरू ने इनमें से अधिकतर पत्रों का जवाब देना भी उचित नहीं समझा। लेकिन सरदार पटेल ने कुछ पत्रों का उत्तर दिया और संघ को कांग्रेस में विलीन करने की सलाह दी, जिसे गुरुजी ने तत्काल ठुकरा दिया। सरदार पटेल द्वारा लिखे गए कुछ पत्रों में उन्होंने यह स्वीकार किया कि संघ का गांधी हत्या से कोई संबंध नहीं है, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि नेहरू के दबाव के चलते गृह मंत्री होते हुए भी वे संघ से प्रतिबंध हटवाने में सफल नहीं हो सके।

**गुरुजी** के जेल से रिहा होने के बाद सरदार पटेल ने उन्हें नागपुर लौटने की सलाह दी, लेकिन गुरुजी ने उसे भी अस्वीकार कर दिल्ली में ही रुकने का निर्णय लिया। 11 अगस्त 1948 को उन्होंने नेहरू को और बाद में सरदार पटेल को पत्र लिखकर संघ से प्रतिबंध हटाने की मांग की। लेकिन प्रतिबंध हटाना तो दूर, उन्हें यह आभास हो गया था कि उन्हें फिर से गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में संघ के पास सिवाय सविनय सत्याग्रह के और कोई रास्ता नहीं बचता। इसलिए 9 दिसंबर को गुरुजी ने संघ को देशव्यापी सत्याग्रह के लिए आह्वान किया।

उस समय उन्होंने संघ स्वयंसेवकों को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने कहा था- 'आपका कार्य श्रेष्ठ है, महान है और ईश्वरीय है। इसे करना मानव धर्म की परम अभिव्यक्ति है। यह कार्य ही भगवंत के साक्षात्कार के समान है। इसके लिए उठिए और दस महीनों से रुका हुआ अपना संघ कार्य फिर से प्रारंभ कीजिए। यह धर्म का अधर्म से, न्याय का अन्याय से, विशालता का संकीर्णता से और स्नेह का दुष्ट प्रवृत्तियों से संघर्ष है। आपकी विजय निश्चित है, जहां धर्म है, वहां ईश्वर है और जहां ईश्वर है, वहां विजय अवश्य होती है। इसलिए भारत माता का जयघोष करो और तभी रुको जब तुम्हारा संघर्ष सफल हो जाए।'

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है। )

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# शक्ति तत्व-आगम शास्त्र के अनुसार

(भाग ३)

।। वेदों के अनुसार।।

ऋग्वेद में शक्ति को अदिति कहा गया है जो समस्त ब्रह्माण्ड का आधार है। यह समस्त देवताओं,गन्धर्वों,मनुष्यों,असुरों तथा समस्त प्राणियों की माता हैं तथा पृथ्वी,अन्तरिक्ष एवं स्वर्ग में रहती हैं। ऋग्वेद में श्री भगवती अपने बारे में बताते हुए कहती है- ''मैं ब्रह्माण्ड की अधीश्वरी हूँ। मैं एक होते हुए भी नाना रूपों में विचरण करती हूँ। मैं सर्वथा स्वतंत्र हूँ। मैं किसी के अधीन नहीं हूँ।''

(ऋग्वेद-दसवाँ मन्डल-सूक्त-125)



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

**'अहं रूद्रेभि वसुभिश्चरामि**
**अहं मित्रावरूणा-अहं इन्द्राग्नी**
**अहं विष्णुमुरूक्रम ब्रह्माणमुत प्रजापतिं**
**दधामि''**

मैं रूद्रों तथा वसुओं के रूप में विचरती हूँ। मैं दोनों मित्रावरूण का, इन्द्राग्नि का तथा दोनों अश्विनीकुमारों का पोषण करती हूँ।विष्णु,ब्रह्मा तथा प्रजापति को मैं ही धारण करती हूँ।
(रिग्वेद-अष्टक 8/7/11)

।। उपनिषदों के अनुसार।।

विभिन्न उपनिषदों में शक्ति के स्वरूप का विषद् विवेचन किया गया है-

।। श्वेताश्वेतर उपनिषद।।

पराशक्ति ज्ञान,इच्छा तथा क्रिया आदि रूपों से अनेकों प्रकार की है-

**'परास्यशक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी**
**ज्ञान, बल,क्रिया च'**

।। केनोपनिषद।।

शक्ति बिना स्पर्श,रूप तथा व्यय के है-

**'अशब्द अस्पर्श मरूप मव्ययम्'**
**तथा शक्ति को वाणी से अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं-**
**'यद्वाचा नभ्युदितं'**


**।। माण्डूक्य उपनिषद।।**

**चित्शक्ति मन,वाणी तथा समस्त इन्द्रियों से भी प्राप्त नहीं है।**

**'यतो वाचो निवर्तन्ते-अप्राप्य मनसा सह'**

।। देवी अर्थवशीर्ष के अनुसार।।

देवी अथर्वशीर्ष (मूल एवं प्रामाणिक ग्रन्थ) के श्लोकसंख्या-2 से श्लोकसंख्या-25 तक देवी के स्वरूपों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया गया है कि उनके वास्तविक स्वरूप को ब्रह्मादि त्रिदेव भी नहीं जानते हैं।



**'यस्या स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति-**
**तस्मादुच्यते अज्ञेया**
**एकैव विश्वरूपिणी-तस्मादुच्यते नैका**
**यस्या जननं नोपलभ्यते-तस्मादुच्यते**
**अजा'**

(देवी अज्ञेय है,एक है,अजा है,अलक्ष्या है)

देवताओं के पूछने पर महादेवी ने बताया कि वह ब्रह्मस्वरूपा है तथा उनसे ही समस्त जगत की उत्पत्ति हुई है। वही विज्ञान तथा अविज्ञानरूपिणी हैं। ब्रह्म भी हैं। अब्रह्म भी हैं। वह वेद भी हैं। अवेद भी हैं। वही सम्पूर्ण जगत की ईश्वरी हैं। वह वेदों द्वारा वन्दित तथा पाप नाशिनी देवमाता अदिति या दक्षकन्या सती के रूप की हैं। वही आठवसु, एकादश रूद्र, द्वादश आदित्य, असुर, पिशाच, यक्ष और सिद्ध भी हैं। वह आत्मशक्ति हैं। विश्व को मोहित करने वाली हैं तथा श्रीविद्यास्वरूपिणी महात्रिपुरसुन्दरी है।

।। पुराणों के अनुसार।।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में भगवान् श्री कृष्ण द्वारा अपने श्रीमुख से इसी शक्ति का गुणगान करते हुए उन्हें विभिन्न उपाधियों से विभूषित किया गया है-

**''त्वमेव सर्व जननी-मूल प्रकृति ईश्वरी**
**त्वमेवाद्या सृष्टि विधौ-स्वेच्छया**
**त्रिगुणात्मिका**
**परब्रह्म स्वरूपा त्वं-सत्या नित्या सनातनी**
**सर्वबीज स्वरूपा च-सर्वपूज्या निराश्रया'**

यह शक्ति मूल-प्रकृति रूपा है। **(क्रमशः)**

## अपने विचार



यह विधेयक देश में करप्शन रोकने की दिशा में अहम कदम होगा और राजनीति में शुचिता को बढ़ावा देगा। यदि ऐसी बात है तो मैं आपको बता दूं कि इस बिल को संयुक्त समिति के समक्ष भेजा जाएगा।

- **अमित शाह,** गृहमंत्री, भारत सरकार



अगर आप 30 दिन जेल में बिताएँ, तो क्या आप मंत्री बने रह सकते हैं? यह सामान्य ज्ञान की बात है... मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। अगर इस बिल को अध्ययन के लिए समिति के पास भेजा जाता है, तो यह अच्छी बात होगी।

-**शशि थरूर**, नेता, कांग्रेस

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### भिवंडी महानगरपालिका में सद्भावना दिवस का आयोजन



**भिवंडी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। नवनिर्मित प्रशासकीय भवन में आयोजित इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने पुष्पहार अर्पित किया। इस अवसर पर शहर अभियंता जमील पटेल, सहायक आयुक्त (प्रशासन) अजित महाडीक, करमूल्यांकन अधिकारी सुधीर गुरव, मुख्य उद्यान अधीक्षक निलेश संख्ये, क्रीड़ा अधिकारी मिलिंद पळसुले, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। पूरे आयोजन का संचालन जानकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी ने किया।

### ठाणे मनपा 15 सितंबर को मनाएगी लोकशाही दिवस

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका (मनपा) नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से हर महीने के तीसरे सोमवार को परिमंडल स्तर पर लोकशाही दिवस आयोजित करती है। इसी क्रम में अगला लोकशाही दिवस सोमवार, 15 सितंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर के लिए अपने अभ्यावेदन 1 सितंबर 2025 तक प्रस्तुत करें। नियमों के अनुसार, सबसे पहले नागरिकों को अपनी शिकायतें जोन लोकशाही दिवस में दर्ज करानी होंगी। यदि वहां दर्ज शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो संबंधित नागरिक अपना अभ्यावेदन 15 दिन पहले मनपा लोकशाही दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए नागरिकों को अपने अभ्यावेदन संबंधित जोन कार्यालय में जमा करने होंगे।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई गई जयंती



**ठाणे।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पूरे देश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर ठाणे मनपा मुख्यालय स्थित नरेंद्र बल्लाल सभागृह में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सद्भावना दिवस के अवसर पर शपथ भी ली गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी दयानंद गुंडप सहित मनपा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे

### तहसील स्तर तर्ज पर टीएमसी का जनता दरबार 15 सितंबर को

**मुंबई।** ठाणे जिले में तहसील स्तर पर लोकशाही दिवस की तर्ज पर, ठाणे नगर निगम द्वारा नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए हर महीने के तीसरे सोमवार को अंचल स्तर पर भी लोकशाही दिवस का आयोजन किया जाता है। तदनुसार, लोकशाही दिवस सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को आयोजित किया जाएगा। ठाणे नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस लोकशाही दिवस के लिए 1 सितंबर तक अपने आवेदन प्रस्तुत करें। नागरिक निम्नलिखित स्थानों पर अपने आवेदन प्रस्तुत करें।ज़ोन 1 - (कलवा, मुंब्रा, दिवा वार्ड समिति के अंतर्गत) उपायुक्त कार्यालय, कलवा वार्ड समिति कार्यालय, कलवाज़ोन 2 - (नौपाड़ा, वागले वार्ड समिति के अंतर्गत) उपायुक्त कार्यालय, नौपाड़ा वार्ड समिति कार्यालय, ठाणे (पश्चिम)ज़ोन 3 - (उथलसर, वर्तकनगर, लोकमान्य, सावरकरनगर, माझीवाड़ा मानपाड़ा वार्ड समिति के अंतर्गत) उपायुक्त कार्यालय, माझीवड़ा मांनपाड़ा वार्ड समिति कार्यालय, ठाणे (पश्चिम)।

# कोटरगेट मस्जिद में 107वां उर्स-ए-रज़वी अकीदत के साथ सम्पन्न

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

बुधवार, 20 अगस्त को सुन्नी जामा मस्जिद कोटरगेट में आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ान बरेलवी रहमतुल्लाह अलैह का 107वां उर्स-ए-रज़वी बड़ी अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। नमाज़-ए-ज़ोहर के बाद आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मस्जिद के इमाम मौलाना ग़ुलाम यज़दानी साहब ने तिलावत-ए-कुरआन से की। सदरियत के लिए मौलाना मोहम्मद रज़ा सर ने क़ाज़ी-ए-शहर भिवंडी हज़रत अल्लामा मुफ़्ती मुबश्शिर रज़ा अज़हर मिस्बाही का नाम पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूर किया गया। इस मौके पर क़ारी मोहम्मद रज़ा, मोहम्मद अली और मौलाना निसार क़ादरी ने नात-ए-रसूल और मनक़बत-ए-आला हज़रत पेश की।

### उलेमाओं को दिए गए ख़ास तोहफ़े

जश्न-ए-मीलादुन्नबी के 1500 वर्षों की खुशी और उर्स-ए-रज़वी के मौके पर मुफ़्ती मुबश्शिर रज़ा, मौलाना शमशाद नूरी और अन्य उलेमाओं के हाथों आए हुए तमाम उलेमा को ख़ास तोहफ़े भेंट किए गए। मौलाना शमशाद नूरी ने आग्रह किया कि इस साल के जुलूस-ए-मीलादुन्नबी में सभी उलेमा यही जब्बा पहनकर शरीक हों।

### इमाम अहमद रज़ा की शख्सियत पर ख़ास बयान



विशेष मेहमान अल्लामा मौलाना सज्जाद बरकाती नज्मी साहब ने ख़िताब करते हुए कहा कि इमाम अहमद रज़ा ख़ान को 305 विज्ञानों और इस्लामी विषयों में महारत हासिल थी। वे अपने मानने वालों पर मेहरबान और दुश्मनाने-रसूल के प्रति सख़्त थे। उन्होंने फतवा जारी करने में बेहद एहतियात बरती और कुफ़्रियात पर 36 वर्षों तक सब्र करने के बाद ही निर्णय लिया।

### बड़ी तादाद में उलेमाओं और मुरीदीन की मौजूदगी

कार्यक्रम में मुफ़्ती मुबश्शिर रज़ा, मौलाना शमशाद नूरी, मौलाना सज्जाद बरकाती, हाफ़िज़ उमर, मौलाना शाहनवाज़ हुसैन समेत बड़ी संख्या में उलेमा-ए-किराम शामिल हुए। इसके अलावा मस्जिद-ए-कोटरगेट के अराकीन और भारी संख्या में मुरीदीन व शरिका मौजूद रहे।

# अंबरनाथ में भूख हड़ताल समाप्त

## विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जाँच का आश्वासन

डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ

अंबरनाथ के पूर्व नगरसेवक रवींद्र करंजुले ने नगर विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में भूख हड़ताल शुरू की थी। उनका आरोप था कि 'जिला स्तरीय नगरोत्थान अभियान' के तहत निविदा प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियां की गईं। करंजुले का कहना था कि आठ महीने बाद निविदाएँ घोषित की गईं और फर्जी दस्तावेजों वाले ठेकेदारों को अनुचित लाभ दिया गया।

### उपमुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त



बुधवार को उपमुख्यमंत्री उमेश राउत ने भूख हड़ताल स्थल का दौरा किया और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद करंजुले ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने मांग की थी कि दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर तुरंत आपराधिक मामला दर्ज किया जाए।

### विधायकों का समर्थन और भ्रष्टाचार पर चिंता

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि कोरोना काल के बाद नगर पालिका में भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता का पैसा जनता के हित में खर्च होना चाहिए और जिन कामों के बिल पास हो गए लेकिन कार्य नहीं हुए, उनकी गहन जांच जरूरी है।

### अनोखे बैनर बने चर्चा का विषय

अनशन स्थल पर लगे बैनर ने भी लोगों का ध्यान खींचा। उस पर लिखा था – "व्यवस्था नाम के गिद्ध इस तरह जड़ समाज का लचीलापन तोड़ रहे हैं।" यह संदेश शहर में चर्चा का विषय बना रहा और आंदोलन को एक अलग पहचान दिलाई।

# मोमिन वेलफेयर सोसायटी की ओर से वार्षिक स्कॉलरशिप का वितरण



**भिवंडी।** भिवंडी की सामाजिक संस्था मोमिन वेलफेयर सोसायटी (मोमिन जमात खाना) समद नगर कनेरी की ओर से वार्षिक स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसएससी के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग, फार्मेसी, कॉमर्स, डी.एड, बी.एड समेत विभिन्न प्रोफेशनल और टेक्निकल कोर्सों के लिए स्कॉलरशिप के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मोमिन फ़ैयाज़ ग़ुलाम मुस्तफ़ा की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। इसके बाद मोमिन फ़हीम अहमद अब्दुलबारी ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए इसकी सामाजिक और शैक्षणिक अहमियत पर प्रकाश डाला। सोसायटी के सचिव सुबहान सिकंदर अंसारी की रिपोर्ट मोमिन सुहैल अहमद (अत्तरवाला) ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर यूसुफ़ रमज़ान मोमिन, अता-उर-रहमान अंसारी, इनामुल हक़ फ़ारूक़ अंसारी, एडवोकेट खैफ़ नियाज़ मोमिन, अब्दुल अज़ीज़ अंसारी और हैदर अली मुहर्रम अली अंसारी ने संस्था की सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन सीमाब अनवर मोमिन ने किया। इसकी सफलता में ख़ाज़िन तुफ़ैल ज़ाकिर हुसैन, इमरान नज़ीर, मुअज़्ज़म मुश्ताक मोमिन, अशफ़ाक (चाचा), इश्तियाक बारादरी, सुहैल अत्तरवाला, मोमिन मुस्तफ़ा, मुजीब शरीफ़ मोमिन, आसिम अंसारी सहित अन्य सदस्य और सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# गणेशोत्सव मंडलों से शुल्क हटाने की मांग

### गड्ढों और विसर्जन स्थलों की सफाई का मुद्दा भी उठा

डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ

अंबरनाथ नगर सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति ने उपमुख्यमंत्री उमेश राउत से मुलाकात कर गणेशोत्सव मंडलों से वसूले जाने वाले 1000 से 2000 रुपये के शुल्क को समाप्त करने की मांग की। समिति का कहना है कि त्योहार सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा है, इसलिए इस पर आर्थिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।



### अनुमतियों में सहूलियत की अपेक्षा

समिति ने मनपा से यह भी आग्रह किया कि मंडलों को आवश्यक अनुमति पुलिस, महावितरण और परिवहन विभाग से शीघ्रता से उपलब्ध कराई जाए ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में गणेशोत्सव समन्वय समिति के अध्यक्ष संजय गावड़े, महासचिव एडवोकेट अमोल वाजे, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश दवेरे, पूर्व नगरसेवक शशांक गायकवाड़ और रोहित सूर्यवंशी समेत कई मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़कों पर गड्ढों की समस्या

समिति ने आगमन और विसर्जन जुलूस मार्गों पर गड्ढों की ओर ध्यान दिलाया। उनका कहना है कि यदि इन्हें समय पर नहीं भरा गया तो जुलूसों और श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### विसर्जन स्थलों की सफाई की मांग

समिति ने विसर्जन कुंडों और खदानों की सफाई पर भी सवाल उठाए। पिछले साल की तरह इस बार भी सफाई अधूरी है, जिससे भक्तों को दिक्कत हो सकती है। उन्होंने मांग की कि इस बार समय रहते सफाई पूरी की जाए।

# महापालिका में मनाया गया अक्षय ऊर्जा दिवस

### अक्षय ऊर्जा का उपयोग समय की मांग : आयुक्त

सुशील सिंह । कल्याण

महापालिका के विद्युत विभाग की ओर से आज अक्षय ऊर्जा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त अभिनव गोयल ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करें और ऊर्जा कुशल एलईडी बल्ब, पंखे तथा 5 स्टार रेटिंग वाले घरेलू उपकरणों का उपयोग कर ऊर्जा की बचत में योगदान दें।

### सौर ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियां



कार्यक्रम में आयुक्त के हाथों "महापालिका द्वारा सौर ऊर्जा क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियां" शीर्षक से पुस्तिका, हस्तपत्रक और जनजागृति फलक का अनावरण किया गया। भागवत ने जानकारी दी कि आगामी गणेशोत्सव में सभी विसर्जन स्थलों पर इन हस्तपत्रकों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा पर जनजागृति की जाएगी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सौर ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा के महत्व पर आधारित एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व और पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी गई।

### हरित ऊर्जा से कम होंगे दुष्प्रभाव

आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को अपने घरों और कार्यालयों में अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। एलईडी लाइट और बीएलडीसी पंखों जैसी तकनीक से बड़ी मात्रा में बिजली बचाई जा सकती है। उन्होंने जोर दिया कि ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न आपदाओं से निपटने का उपाय हरित ऊर्जा का बढ़ता उपयोग ही है। इससे "ग्रीन एनर्जी – क्लीन सिटी" की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया जा सकता है।

### भारत की बिजली उत्पादन स्थिति

कार्यकारी अभियंता प्रशांत भागवत ने बताया कि देश में 58% विद्युत उत्पादन अभी भी कोयले से होता है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें उत्सर्जित होती हैं। इसलिए सौर और अन्य अक्षय ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

# विधायक संजय केलकर नागरिक सुरक्षा दल के मुख्य वार्डन नियुक्त

### ठाणे जिला प्रशासन ने तीन वर्षों के लिए सौंपी जिम्मेदारी

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

शहर के विधायक संजय केलकर को नागरिक सुरक्षा दल का मुख्य वार्डन नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तीन वर्षों की अवधि के लिए की गई है। हाल ही में कल्याण में आयोजित एक कार्यक्रम में तत्कालीन जिलाधिकारी एवं नागरिक सुरक्षा दल के ठाणे संभाग नियंत्रक अशोक शिनगारे और उप नियंत्रक विजय जाधव की उपस्थिति में विधायक केलकर को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

### सामाजिक कार्यों की सराहना



राजनीति को सामाजिक कार्यों से जोड़कर समाज सेवा में लगातार योगदान देने वाले संजय केलकर को यह जिम्मेदारी उनके अथक प्रयासों और सेवाभाव के चलते सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। नागरिक सुरक्षा दल की स्थापना आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए की गई थी। यह दल प्राकृतिक आपदाओं, मानव निर्मित दुर्घटनाओं और अन्य संकटों के समय नागरिकों की मदद करता है। साथ ही राज्य और देश की सुरक्षा व्यवस्था में भी सहयोग देता है। ठाणे जिले के हजारों स्वयंसेवक इस दल से जुड़े हैं और पुलिस व प्रशासन की मदद करते रहे हैं।

### केलकर का पूर्व कार्यकाल

गौरतलब है कि विधायक संजय केलकर पहले भी 2003 में नागरिक सुरक्षा बल के सलाहकार और 2013 से 2016 तक मुख्य वार्डन के रूप में काम कर चुके हैं। उनके सफल कार्यकाल और अनुभव को देखते हुए अब उन्हें एक बार फिर तीन साल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** अचानक यात्रा के भी अच्छे फल मिलेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। आमदनी में वृद्धि होगी। प्रसिद्धि एवं सम्मान में इजाफा होगा। नौकरी में उन्नति के योग हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम न लें।

**वृष** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी नए कार्य में भाग लेने के योग हैं। विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा। व्यापार में भागीदार सहयोग करेंगे। शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मिथुन** आपका सामाजिक क्षेत्र बढ़ेगा। लाभदायक सौदे होंगे। विपरीत परिस्थितियों का सफलता से सामना कर सकेंगे। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी।

**कर्क** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। कार्य में भागीदार सहयोग करेंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। दांपत्य जीवन में गलतफहमी आ सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी।

**सिंह** धनार्जन होगा। भागदौड़, बाधाओं व सतर्कता के बाद सफलता मिलेगी। पारिवारिक सुख, संतोष बढ़ेगा। उपहार मिलने के योग हैं। अधिक व्यय न करें। खर्चों में कमी करें। चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कन्या** व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। परिवार एवं समाज में आपके कामों को महत्व एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।

**तुला** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। आय बढ़ेगी। भोग-विलास में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। स्थायी संपत्ति के मामले उलझेंगे। कार्य में मित्रों की मदद मिलेगी। आर्थिक मनोबल बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**वृश्चिक** सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा। अधूरे काम समय पर सफलता से होने पर उत्साह बढ़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी।

**धनु** सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा रहेगा। चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। फालतू खर्च बढ़ेंगे। आवास संबंधी समस्या का समाधान संभव है। आवेश में कोई कार्य नहीं करें।

**मकर** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक लाभ होगा। धन संबंधी कार्यों में विलंब से चिंता हो सकती है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। कार्य के विस्तार की योजना बनेगी। संत-समागम होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा।

**कुंभ** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने काम से काम रखें। दूसरों के विश्वास में न आएं। परिवार में तनावपूर्ण माहौल रह सकता है।

**मीन** नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। कम प्रयास से काम बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। रुके धन की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी।

# शादी के रिश्ते क्यों टूटते हैं और कब बनेगा सफल विवाह

कब और कैसे होगी तो शादी शादी/विवाह जो एक ऐसा जीवन का सच है जो गृहस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है।कई लोगो के साथ कई बार ऐसी स्थिति बनती है कि शादी का रिश्ता होकर टूट जाता है या शादी का रिश्ता देख जाने के बाद कोई उत्तर ही वापस शादी होने के लिए नही आता है।ऐसा तब ही होता है जब कुंडली का सातवां भाव/सातवे भाव स्वामी(विवाह भाव/विवाह स्वामी ग्रह) की स्थिति शुभ नही होती और कही न कही विवाह स्वामी ग्रह या विवाह का भाव पाप ग्रहों जैसे शनि राहु केतु या अशुभ योगो ,अशुभ भाव स्वामियों 6, 8, भाव के स्वामियों के द्वारा पीड़ित होता है तब बार बार शादी के रिश्ते आने पर भी शादी होने तक बात नही पहुँच पाती और शादी के लिए कोई जबाव नही आता है और कई स्थितियों में बार बार शादी के रिश्ता होकर टूटता है यह सब स्थिति तब ही होती है जब सातवाँ भाव/सातवे भाव का स्वामी अशुभ स्थिति में या पीड़ित



होगा, खासकर अशुभ स्थिति गया छठे, आठवें भाव भाव के द्वारा पीड़ित होगा तब रिश्ता बार बार होकर टूटेगा/रिश्ता शादी का आने पर कोई जबाब वापस हृ आये शादी के लिए ऐसी स्थितियां बनती है लेकिन सातवे भाव का स्वामी अजर सातवाँ भाव+विवाह कारक लड़के की कुंडली में शुक्र और लड़की कुंडली में गुरु बलवान है तब देर सबेर उपरोक्त दिक्कत दूर हो जायेगी एक या दो बार होकर, अन्यता यदि विवाह सम्बन्धी ग्रह कमजोर है तब बार बार दिक्कत होगी ऐसी स्थिति में उपाय ही सफलता दे सकते है।

अब कुछ उदाहरणों से समझते है उपरोक्त अथितियों को और कैसे यह दिक्कत दूर होती है और होगी आदि

उदाहरण_अनुसार1:-

मिथुन_लग्न कुंडली में सातवे भाव का स्वामी गुरु/बृहस्पति बनता है अब गुरु बलवान हो लेकिन सातवे भाव में बिघ्न कारक ग्रह छठे घर का स्वामी यहाँ मंगल यहाँ आकर बैठ जाए और बलवान विवाह स्वामी गुरु पर भी राहु या शनि से पीड़ित हो जिससे अब क्या होगा की बार बार रिश्ता आयेगा और शादी के लिए रजामंदी मतलब शादी के लिए हाँ नही होगी ऐसी स्थिति में इन बिघ्न सम्बन्धी ग्रहो की शांति के उपाय जरूरी होंगे करने तब सफलता पूर्वक अच्छे से विवाह हो पायेगा।।

उदाहरण_अनुसार2:-

मकर_लग्न, मकर लग्न कुंडली में जैसे सातवे भावपति चंद्रमा होता है अब चंद्रमा यहाँ आठवे भाव में जाकर बैठ जाए और आठवे भाव के स्वामी सूर्य के साथ और सातवें भाव पर किसी शनि या मंगल या राहु या केतु की दृष्टि हो या बैठे हो सातवे भाव में यह ग्रह तब यहाँ रिश्ता होकर बार बार टूटेगा, विवाह होने में दिक्कते आयेगी।ऐसी स्थिति में उपाय ही विवाह होने में सफलता देगा।




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### कार से 46 लाख रुपए बरामद

**पलामू:** जिले के पांकी थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध कार से 46 लाख 19 हजार रुपए बरामद किया गया है। पुलिस को कार लावारिस हालत में मिली है, जिसके अंदर एक झोला में सभी रुपए रखे गए थे। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को मंगलवार को पांकी के इलाके में एक संदिग्ध कार की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलने के बाद पांकी के थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में एक सर्च अभियान शुरू किया गया था। सर्च अभियान के क्रम में पुलिस पांकी-डालटनगंज रोड पर तेतराई बलियारी मोड़ पर पहुंची तो देखा एक लाल रंग की कार लावारिस हालत में खड़ी है। कार के अंदर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं है, काफी देर तक पुलिस कार मलिक की खोजबीन करती रही लेकिन कोई भी व्यक्ति कार के पास नहीं पहुंचा। पुलिस कार को लेकर पांकी थाना चली गई थी। बुधवार को पांकी थाना परिसर में दंडाधिकारी की मौजूदगी में कार को खोला गया तो सीट के अंदर से एक झोला बरामद हुआ। झोला के अंदर प्लास्टिक में लपेटकर नोटों की गड्डी रखी हुई थी। कार से 46 लाख 19 हजार रुपए बरामद हुए। 500-500 रुपए 8576, 200 का 509, 100 का 301 नोट बरामद हुआ है।

### गर्भवती का ऑपरेशन करके झोलाछाप डॉक्टर फरार, मौत

**कैमूर:** बिहार के कैमूर जिले में फर्जी नर्सिंग होम की लापरवाही ने एक बार फिर एक गर्भवती महिला की जिंदगी छीन ली। गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़कों पर हंगामा मच गया। सवाल ये है कि आखिर कब तक झोला छाप डॉक्टरों के शिकंजे में लोग अपनी जान गवाते रहेंगे। मोहनिया नगर के दुर्गावती सर्विस रोड पर चल रहे एक फर्जी नर्सिंग होम में बुधवार को ऑपरेशन के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। हालांकि बच्चा खतरे से बाहर बताया जा रहा है। महिला की मौत की खबर फैलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने दुर्गावती सर्विस रोड को जाम कर दिया। घटना के बाद अस्पताल संचालक और स्टाफ मौके से फरार हो गए।

### सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगी 44 छुट्टियां

**पटना:** नीतीश सरकार ने 2026 का सरकारी हॉलीडे कैलेंडर जारी कर दिया है। कर्मचारियों को कुल 44 दिन की छुट्टियां मिलेंगी, जिनमें 11 सामान्य अवकाश, 15 सार्वजनिक अवकाश और 17 ऐच्छिक छुट्टियां शामिल हैं।सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग के सुझाव पर यह फैसला लिया है। कैबिनेट की मीटिंग में इस पर मुहर लग गई है। कैलेंडर जारी होने के बाद सरकारी दफ्तरों और कर्मचारियों में इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सरकार ने 2026 के हॉलीडे कैलेंडर में सभी धर्मों का ध्यान रखा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के त्योहारों को छुट्टियों में शामिल किया गया है। सरकार ने कोशिश की है कि सभी को बराबर छुट्टी मिले।

### सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**देहरादून:** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में 19 अगस्त से शुरू हुआ विधानसभा का मॉनसून सत्र दूसरे दिन 20 अगस्त को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। विधानसभा मॉनसून सत्र का दूसरा दिन भी पहले दिन की तरह की हंगामेदार रहा। विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा। इसी बीच सरकार की ओर से 9 विधेयक और 5,315 ।89 करोड़ का अनुपूरक बजट पास करवा लिया गया है।

हेट स्पीच मामला

# अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से राहत

**हाइकोर्ट ने सजा स्थगित करने की याचिका की स्वीकार**

एजेंसी | प्रयागराज



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हेट स्पीच के मामले में अब्बास अंसारी को को राहत दी है। कोर्ट ने सजा स्थगित करने की मांग नामंजूर करने संबंधी निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने सजा के खिलाफ निचली अदालत में लंबित अपील नियमानुसार निस्तारित करने का यह आदेश दिया है। अब्बास की पुनरीक्षण याचिका पर न्यायमूर्ति समीर जैन ने वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस मिश्र व अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय और राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी व एजीए संजय सिंह को सुनकर दिया है।

**दो साल कैद की सजा**

गौरतलब है कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से मऊ सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से एमएलए रहे अंसारी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी के सत्ता में आने पर राज्य सरकार के अधिकारियों को परिणामों की धमकी दी थी। इस मामले में ट्रायल के बाद मऊ की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास अंसारी को आईपीसी की धारा 153-ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 189 (सार्वजनिक सेवक को चोट पहुंचाने की धमकी) के तहत अपराध के लिए दो-दो साल कैद की सजा सुनाई थी।

**क्या है मामला?**

2022 विधानसभा चुनाव में अब्बास अंसारी ने चुनावी भाषण में खुले मंच से अधिकारियों को धमकी देते हुए देख लेने व सबक सिखाने, ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक लगाने की बात कही थी। इसका इलेक्शन कमीशन ने संज्ञान लेते हुए अब्बास अंसारी और एजेंट मंसूर अंसारी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट मऊ ने 31 मई 2025 को अब्बास अंसारी और इलेक्शन एजेंट मंसूर अंसारी के खिलाफ दो साल की सजा और आर्थिक दंड न्यायालय ने लगाया था।

# एमटेक छात्र ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर संस्थान छोड़ा

एजेंसी | प्रयागराज

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में एमटेक सिविल इंजीनियरिंग के छात्र नजीबुल्लाह आलम ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए संस्थान छोड़ दिया है. छात्र का कहना है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे निशाना बनाया गया, जबकि संस्थान प्रशासन ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उल्टे छात्र को दोषी ठहरा रहा है.




**छात्र ने फंसाने का लगाया आरोप**

नजीबुल्लाह आलम का कहना है कि उसने सूचना के अधिकार के तहत हॉस्टल, मेस और ट्यूशन फीस की जानकारी मांगी थी. इसके बाद ही उसे परेशान करना शुरू कर दिया गया. चीफ वार्डेन ने उसके खिलाफ मोर्चा ही खोल दिया.

**प्रॉक्टोरियल का वार**

छात्र का आरोप है कि संस्थान मेरी एक भी नहीं सुन रहा है, सिर्फ अपनी मनमानी पर तुला हुआ है, इसलिए दुखी और निराश होकर मैंने कॉलेज छोड़कर बिहार अपने घर चंपारण लौटने का फैसला किया है. छात्र ने यह भी बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ब्लैक डॉट दिए, जिससे उसका चरित्र प्रमाणपत्र खराब हो गया.

# मंयक सिंह को लाने के लिए अजरबैजान रवाना हुई एटीएस की टीम

**रांची:** झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह (सुनील कुमार उर्फ सुनील कुमार मीणा) 23 अगस्त को अजरबैजान से भारत लाया जाएगा। झारखंड एटीएस की टीम इस मिशन पर अजरबैजान गणराज्य के लिए रवाना हो चुकी है। एटीएस के एसपी ऋषभ झा खुद इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत लाने से पहले झारखंड के उन जिलों में, जहाँ मयंक के खिलाफ केस दर्ज हैं, उनकी समीक्षा शुरू कर दी गई है। कुल 48 मामले विभिन्न जिलों में दर्ज हैं, जिनमें हजारीबाग में सबसे ज्यादा मामले हैं। इसके अलावा रांची, रामगढ़, पलामू और गिरिडीह में भी मयंक के खिलाफ केस दर्ज हैं।




### बाघ-हाथी का शिकार करने वाले 9 गिरफ्तार

**पलामू:** पीटीआर में बाघ और हाथी का शिकार करने वाले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से आठ देसी बंदूक, बारूद, बाघ का शिकार करने वाला फंदा एवं वन्य जीव के अवशेष बरामद हुए हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले पलामू टाइगर रिजर्व में हिरण का शिकार करने वाले आरोपी गिरफ्तार हुए थे।

# जलालाबाद का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' किया गया

एजेंसी | शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद कस्बे का नाम अब आधिकारिक तौर पर 'परशुरामपुरी' होगा। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को अनापत्ति आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने नए नाम की अधिसूचना जारी करने का निर्देश भी दिया है।




**सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व**

जितिन प्रसाद ने बताया कि परशुरामपुरी नाम न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान भी करता है।

**नाम की वर्तनी और औपचारिक प्रक्रियाएँ**

नए नाम की वर्तनी देवनागरी (हिंदी), रोमन (अंग्रेज़ी) और क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार की गई है। गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि इसे राजपत्र में अधिसूचित किया जाए और इसकी प्रतियां भारतीय सर्वेक्षण विभाग, भू-स्थानिक आंकड़ा केंद्र, डाक विभाग, रेल मंत्रालय और अन्य संबंधित विभागों को भेजी जाएँ। इस बदलाव की पहल केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

# झारखंड के शहरी क्षेत्रों की नदियों का जीर्णोद्धार करने में जुटी सरकार

एजेंसी | रांची

राज्य सरकार के सहयोग से भारत सरकार ने झारखंड समेत देशभर में शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाली नदियों को ना केवल प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना बनाई है बल्कि इन्हें उपयोगी बनाने के लिए वृहत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत रांची समेत पांच शहरी निकायों को प्रथम चरण में चयनित किया गया है। रांची के अलावा जो शहरी निकाय क्षेत्र का चयन किया गया है। उसमें चास, धनबाद, आदित्यपुर और साहिबगंज शामिल हैं। प्रथम चरण में झारखंड के अलावा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। जिसमें कुल 27 शहरी नगर निकाय क्षेत्र शामिल हैं। प्रथम चरण में इन शहरी निकाय क्षेत्रों में शामिल नदियों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। बात यदि झारखंड की करें तो जिन शहरी निकाय क्षेत्रों को पहले चरण में चयनित किया गया है।



**अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने में जुटी सरकार**

अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने को लेकर 20 अगस्त को कार्यशाला सह बैठक हुई। कार्यशाला को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उप महानिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव सहित कई अधिकारियों ने संबोधित किया।

**नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए कराएं आर्थिक सुविधा मुहैया**


नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने कहा कि झारखंड में गंगा करीब 80 किलोमीटर क्षेत्र में बहती है, जिसमें साहिबगंज और राजमहल कवर होते हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से मांग की है कि गंगा की कई सहायक नदियों का पानी उसमें समाहित होता है।

# महिला योग ट्रेनर हत्याकांड का खुलासा



एजेंसी | हल्द्वानी

नैनीताल जिले के मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 जुलाई को महिला योग ट्रेनर की हत्या का पुलिस ने 22 दिन बाद खुलासा किया है। पुलिस में पूरे मामले में योग ट्रेनिंग सेंटर संचालक के छोटे भाई अभय को गिरफ्तार किया। पुलिस के जांच पड़ताल में सामने आया कि हत्यारे के बड़े भाई से महिला योग टीचर के अवैध संबंध थे, जिससे नाराज छोटे भाई ने महिला की हत्या कर दी। पकड़ा गया आरोपी अभय कुमार (उर्फ राजा) मूल रूप से पश्चिमी चंपारण बिहार का रहने वाला है। एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि योग ट्रेनर की हत्या के मामले में मृतका की मां ने 3 अगस्त को मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतका जिस योग सेंटर में काम कर रही थी, उसको दो भाई चलाते थे। महिला का बड़े भाई से अवैध संबंध था।




# पहली तिमाही में भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में स्थिर वृद्धि

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र ने पहली तिमाही में अनुमान के अनुरूप स्थिर प्रदर्शन दर्ज किया है। सेंटरम की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान ग्राहकों की संख्या में स्थिर बढ़ोतरी देखी गई और 5G नेटवर्क के विस्तार पर लगातार काम जारी रहा।



**ARPU में हुआ सुधार**

उद्योग जगत के एक प्रमुख मानक, प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (ARPU) में लगातार सुधार देखने को मिला। एयरटेल ने 250 रुपए प्रति माह के साथ शीर्ष स्थान बनाए रखा। यह तिमाही-दर-तिमाही 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें स्मार्टफोन के बढ़ते चलन और पोस्टपेड अपग्रेड का भी योगदान रहा। जियो का एआरपीयू 1.3 प्रतिशत बढ़कर 209 रुपए प्रति माह हो गया, जिसे इसके समृद्ध ग्राहक मिश्रण और मजबूत फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) अपनाने से बल मिला। वोडाफोन आइडिया का एआरपीयू पिछली तिमाही के 164 रुपए से बढ़कर 165 रुपए हो गया। यह ग्राहक गुणवत्ता में क्रमिक सुधार को दर्शाता है।


**किसने- कितने ग्राहक जोड़े**

इसमें कहा गया कि रिलायंस जियो ने 99 लाख की संख्या के साथ सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। इससे उसका ग्राहक आधार 498.1 मिलियन हो गया। भारती एयरटेल ने अपने भारतीय वायरलेस कारोबार में 12 लाख ग्राहक जोड़े। इसमें 39 लाख ने स्मार्टफोन शामिल थे। इससे उसके 5जी उपयोगकर्ता आधार को 152 मिलयन तक बढ़ाने में मदद मिली। हालांकि वोडाफोन आइडिया को पांच लाख ग्राहकों का शुद्ध घाटा हुआ।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

आईटी शेयरों में भारी खरीदारी के चलते बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक या 0.26 प्रतिशत उछलकर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 341.23 अंक या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 81,985.62 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,050.55 पर आ गया।



**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ में 2.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटरनल और एचसीएल टेक के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिश्रित रुख रहा। मंगलवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुए।

**फेडरल रिजर्व पर है निवेशकों की नजर**

निवेशकों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल संगोष्ठी में दिए जाने वाले आगामी वक्तव्यों और फेड की हालिया बैठक के विवरण पर केंद्रित हो गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.14 प्रतिशत बढ़कर 66.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 634.26 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ सेंसेक्स 370.64 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। निफ्टी 103.70 अंक या 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 पर बंद हुआ।

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों ने निवेशकों को उत्साहित किया है। इसके अलावा जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों और एक विदेशी एजेंसी द्वारा हाल ही में 'क्रेडिट रेटिंग' में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.20 पर आ गया।

# टाटा का दक्षिण अफ्रीकी वाहन बाजार में फिर प्रवेश

एजेंसी | नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने दक्षिण अफ्रीकी यात्री वाहन बाजार में फिर से उतरने की बुधवार को घोषणा की। टाटा मोटर्स की अनुषंगी कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने देश में चार मॉडल हैरियर, कर्व, पंच और टियागो पेश किए हैं। यह रणनीतिक पुनःप्रवेश दक्षिण अफ्रीका के अग्रणी मोटर वाहन समूह मोटस होल्डिंग्स के साथ मजबूत गठबंधन पर आधारित है। टीएमपीवी 40 डीलरशिप के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से काम करेगा जिसे 2026 तक 60 पहुंचाने की योजना है। इससे समूचे दक्षिण अफ्रीका में व्यापक पहुंच एवं मजबूत ग्राहक अनुभव सुनिश्चित होगा।

# ट्रंप के टैरिफ का सबसे अधिक असर कपड़ा व रसायन क्षेत्र के एमएसएमई पर

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ से भारत के कपड़ा, हीरा और रसायन क्षेत्र के एमएसएमई पर सबसे अधिक असर पड़ने की संभावना है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका को होने वाले निर्यात में इन क्षेत्रों का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है।

**उच्च टैरिफ दरों से एमएमएमई पर पड़ेगा दबाव**



क्रिसिल इंटिलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि बढ़ी हुई टैरिफ दरों के चलते उत्पाद कीमतों में हुई बढ़ोतरी का आंशिक वहन करना एमएसएमई के लिए भारी पड़ेगा। इससे उनकी पहले से ही सीमित मार्जिन पर दबाव बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। शर्मा ने उदाहरण देते हुए कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स (RMG) निर्यातक अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी खो सकते हैं क्योंकि अब वहां टैरिफ बढ़कर 61% हो गया है।

# बचत खातों की न्यूनतम औसत मासिक जमा राशि में नहीं हुआ कोई बदलाव

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने एक स्पष्टीकरण जारी कर बताया है कि बचत खाते के लिए औसत मासिक शेष राशि (एएमबी) की आवश्यकता में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एचडीएफसी बैंक ग्राहकों की प्रोफाइल केआधार पर कई प्रकार के बचत खातों की सुविधा प्रदान करता है। बैंक ने कहा है कि हर तरह की मूल्यवर्धित सेवाओं के आधार पर औसत मासिक शेष राशि की अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं। बैंक ने बताया है कि नियमित सेविंग्स खाते के लिए एएमबी 10,000 रुपए और सेविंग्स मैक्स खाते के लिए एएमबी 25,000 रुपए ही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। एचडीएफसी बैंक ने अपनी ओर से जारी स्पष्टीकरण में बताया कि ग्राहक प्रोफाइल के आधार पर बचत खातों की सुविधा सभी प्रकार के ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी और महानगरीय शाखाओं में उपलब्ध हैं। बैंक ने कहा है कि महानगरीय क्षेत्रों में ग्राहकों के उपयोग को देखते हुए, बैंक बड़े शहरों की शाखाओं में नए खाते खोलने वाले ग्राहकों को सेविंग्स मैक्स खाता प्रदान करने को प्राथमिकता देगा। मीडिया में न्यूनतम जमा राशि बढ़ाने की खबरें आने के बाद बैंक ने स्पष्टीकरण जारी कर अपना पक्ष रखा है।

वनडे रैंकिंग

# कुलदीप तीसरे स्थान पर खिसके, महाराज फिर शीर्ष पर

एजेंसी । दुबई

भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है।




## केशव पंच से नंबर वन

महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की सीरीज के पहले मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट झटके थे। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रवींद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं।

## सील्स की छलांग

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जायडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की सीरीज के आखिरी मैच में छह विकेट लिए थे। इससे वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 स्थान ऊपर 39वें पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच स्थान ऊपर 58वें पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

## गिल शीर्ष पर कायम

पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमान गिल 784 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। शीर्ष-5 में तीन और शीर्ष-10 में कुल चार भारतीय बल्लेबाज हैं। पाक के खिलाफ आखिरी वनडे में नाबाद 120 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर हैं जबकि एडेन मार्कराम (चार स्थान ऊपर 21वें पर), तेम्बा बावुमा (पांच स्थान ऊपर 23वें पर) और मिचेल मार्श (छह स्थान ऊपर 48वें पर) को भी फायदा हुआ है।

## रोहित और कोहली के नाम हटने पर हैरानी

बुधवार को आईसीसी की वनडे रैंकिंग की सूची से शुरुआत में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम नदाराद थे। इससे प्रशंसकों को बहुत हैरानी हुई। लगभग सभी समाचार वेबसाइटों पर भी इस पर आश्चर्य जताया गया। सोशल मीडिया पर भी इस बारे में क्रिकेट प्रेमियों के मैसेज आने लगे। किसी ने कहा, इसमें सिस्टम की गड़बड़ी होगी। हालांकि कुछ देर बाद आईसीसी ने इसमें सुधार कर दिया और रोहित दूसरे और कोहली चौथे नंबर पर दिखाई देने लगे।

## टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दो भारतीय

पुरुषों की टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे और यशस्वी जायसवाल 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौ स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के मार्श और ग्लेन मैक्सवेल चार और 10 स्थान की छलांग से 25वें और 30वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती चौथे, रवि बिश्नोई सातवें और अर्शदीप सिंह दसवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई नाथन एलिस (तीन स्थान ऊपर नौवें पर) और जोश हेजलवुड (दो स्थान ऊपर 18वें पर) ने महत्वपूर्ण सुधार किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मुंबई मैराथन-2026 के लिए पंजीकरण शुरू


**मुंबई।** एशिया की सबसे प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन के 21वें संस्करण के लिए पंजीकरण बुधवार से शुरू हो गए। यह विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस रविवार 18 जनवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होगी। इसमें 3,89,524 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। पहली बार फुल मैराथन में भाग लेने वाले धावकों को 'टीएमएम डेब्यूटेंट्स के रूप में मान्यता देते हुए 'मेरा पहला 42.195 किमी अंकित विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक बिब दिया जाएगा। यह शुरुआत करने के साहस का सम्मान चिन्ह है। साथ ही महिलाओं की अधिक भागीदारी के लिए, मैराथन और हाफ मैराथन दोनों श्रेणियों में महिलाओं के लिए सीमित संख्या में स्थान आरक्षित किए गए हैं।

### जांपा को आचार संहिता के उल्लंघन पर फटकार

**दुबई।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जांपा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के Level 1 उल्लंघन पर फटकार लगाई गई।

जांपा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए अनुच्छेद 2.3 के उल्लंघन में पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील भाषा के उपयोग से संबंधित है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जांपा ने मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया। इस भाषा को स्टंप पर लगे माइक्रोफोन ने रिकॉर्ड और प्रसारित किया। जांपा ने अपराध और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया, जो उनके पिछले 24 महीनों में पहला अपराध है।

# सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता



## एशियाई निशानेबाजी

**शिमकेंट।** एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में उन्होंने चीनी ताइपे की लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन की जोड़ी को 17-9 से हराया। स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला शीर्ष दो टीमों चीन और दक्षिण कोरिया के बीच हुआ, जिसमें चीन ने 16-12 से बाज़ी मारी। क्वालिफिकेशन में सौरभ और सुरुचि का कुल स्कोर 578 रहा, जिससे वे आठ टीमों में पांचवें स्थान पर रहे।

### जूनियर वर्ग में भी सफलता

जूनियर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में वंशिका चौधरी और गेविन एंथनी की भारतीय जोड़ी ने भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने कोरियाई जोड़ी किम येजिन और किम डूयोन को 16-14 से हराया। क्वालिफिकेशन में इस जोड़ी ने 578 अंक बनाए, जिसमें वंशिका ने 282 और गेविन ने 296 अंक हासिल किए।

### मनु भाकर का प्रदर्शन

मनु भाकर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में पहले ही कांस्य पदक जीतकर भारतीय निशानेबाजों के प्रदर्शन को और मजबूत किया। इस तरह भारत ने एशियाई निशानेबाजी में दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया और कुल दो कांस्य पदक अपने नाम किए।

# गुकेश ने अब्दुसत्तोरोव को हराया, प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रॉ

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहली बाजी हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर जीत के साथ खाता खोला। पहले दौर में हमवतन गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञाननंदा ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्सटॉफ को मात दी। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। अन्य अमेरिकी खिलाड़ी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।



### आनंद का सामना कास्पोरोव और गुकेश कार्लसन से खेलेंगे

भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में सात से 11 अक्तूबर तक होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे। कास्पोरोव और आनंद आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में खेले थे। इसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की।

# ब्रसेल्स डाइमंड लीग में नहीं खेलेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ब्रसेल्स में शुक्रवार को होने वाले इस सीरीज के अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है। 27 वर्षीय नीरज ने सिर्फ दो में हिस्सा लेकर ही स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की कर ली। उन्होंने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि उन्होंने फिर जून में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता था।

# आर्चर, एंडरसन जैसे पेसर तैयार करना चाहते हैं ब्रॉड

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज़ गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कोचिंग में शामिल होने की इच्छा जताई है। उनका लक्ष्य युवा खिलाड़ियों, खासकर अंडर-17 और अंडर-19 स्तर के गेंदबाजों को तैयार करना है, ताकि जोफ्रा आर्चर और जिमी एंडरसन जैसे गेंदबाज उभर सकें। ब्रॉड ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब से इस बारे में चर्चा की है और उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत में वह कोचिंग में सक्रिय हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने किसी निश्चित तारीख या लक्ष्य का खुलासा नहीं किया। ब्रॉड हाल ही में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीकी टीम के गेंदबाजी सलाहकार थे, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने जीत दर्ज की और पहला ICC विश्व खिताब जीता। ब्रॉड ने कहा कि उनकी दूसरी इच्छा क्रिकेट कमेंट्री में सक्रिय होना है। उन्होंने भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर रवि शास्त्री तथा रिकी पोंटिंग से सीखने की बात कही। ब्रॉड का मानना है कि शास्त्री का लहजा और पोंटिंग का विश्लेषण बहुत आकर्षक और शिक्षाप्रद है।




बॉ ली वु ड



# 'जॉली एलएलबी 3' का पहला मस्ती भरा गाना 'भाई वकील है' रिलीज




फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का पहला गाना 'भाई वकील है' रिलीज हो गया है। इस गाने को अमन पंत और केडी देसीरॉक ने अपनी आवाज दी है। गाने में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की एनर्जी से भरपूर जबरदस्त केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने को मिल रहे हैं। दोनों एक्टर्स की कॉमिक टाइमिंग और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने गाने को और मजेदार बना दिया है। सोशल मीडिया पर गाना तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।


फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की खासियत सिर्फ इसकी स्टारकास्ट ही नहीं है, बल्कि इसमें मौजूद शानदार सपोर्टिंग कास्ट भी है। फिल्म में सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर जैसे दिग्गज कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। कोर्टरूम ड्रामा और कॉमेडी के इस तगड़े कॉम्बिनेशन में यह सभी कलाकार अपनी भूमिकाओं से फिल्म को और ज्यादा रोचक बनाएंगे।

फिल्म का निर्देशन और कहानी दोनों की जिम्मेदारी सुभाष कपूर ने संभाली है, जिन्होंने इससे पहले 'जॉली एलएलबी 3' और 'जॉली एलएलबी 2' जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं। दर्शकों को उम्मीद है कि इस बार भी फिल्म न्याय और हास्य के बीच की रोचक जंग को और ज्यादा बड़े स्तर पर पेश करेगी।

'जॉली एलएलबी 3' को 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट के ऐलान के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। टीजर और पहले गाने की झलक से साफ है कि फिल्म हंसी, मनोरंजन और दमदार परफॉर्मेंस से भरपूर होगी। इस वक्त सोशल मीडिया पर फिल्म का जबरदस्त क्रेज है और ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग कर सकती है।

# फिर पर्दे पर दिखेगा देओल परिवार का जादू, 'अपने-2' का ऐलान

अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी दो बड़ी फिल्मों 'बॉर्डर-2' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में। उनके भाई बॉबी देओल अपनी अगली फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, लेकिन अब दोनों भाई जल्द ही एक बार फिर साथ नज़र आ सकते हैं। दरअसल, दोनों को 'अपने-2' में एक साथ देखा जाएगा।



फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि 'अपने-2' की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और फिल्म बन रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी अगली फिल्म नहीं होगी, क्योंकि वे इस समय कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं। अनिल शर्मा ने कहा, मेरे पास कई कहानियां हैं और मैं चाहता हूं कि सब पर काम कर पाऊं। लेकिन इतना तय है कि 'अपने-2' ज़रूर बनेगी।निर्देशक अनिल शर्मा ने खुलासा किया कि फिल्म 'अपने 2' के लिए धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल को राज़ी करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था।

दरअसल, तीनों लंबे समय से साथ काम करना चाहते थे और चाहते थे कि यह फिल्म उन्हीं के निर्देशन में बने। अनिल शर्मा ने बताया, जिस दिन 'अपने' की कहानी मेरे पास आई, उस वक्त सभी बेहद खुश हुए। जब मैंने धरम जी को स्क्रिप्ट सुनाई तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। वहीं, बॉबी ने स्क्रिप्ट सुनने के बाद मुझे गले लगा लिया। उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही सनी देओल को अपने पिता और भाई के साथ काम करने की बात पता चली, उन्होंने भी तुरंत हामी भर दी। अनिल शर्मा ने देओल परिवार के साथ अपने रिश्ते को भी खास बताया। उन्होंने कहा, देओल परिवार और मेरा रिश्ता सिर्फ प्रोफेशनल नहीं है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी बेहद गहरा है। हमारे बीच भरोसा, अपनापन और मोहब्बत हमेशा से रही है।

फिलहाल, 'अपने 2' की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होगी।


# सुपरस्टार नागार्जुन ने किया अपनी 100वीं फिल्म का ऐलान



सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी इन दिनों एक्शन थ्रिलर फिल्म 'कुली' में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनकी भिड़ंत रजनीकांत से हो रही है। खलनायक की भूमिका में नागार्जुन ने बड़े पर्दे पर धमाल मचा दिया है, वहीं उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'कुली' की सफलता के बीच अब नागार्जुन ने अपनी 100वीं फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके लिए उन्होंने तमिल सिनेमा के जाने-माने निर्देशक कार्तिक से हाथ मिलाया है। जगपति बाबू के होस्टिंग वाले जी5 के चैट शो 'जयम्मु निश्चयमु रा' में बातचीत के दौरान नागार्जुन ने अपनी 100वीं फिल्म की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनकी 100वीं फिल्म के निर्देशन की कमान कार्तिक ने संभाली है। फिल्म का शीर्षक फिलहाल 'किंग 100' है। नागार्जुन ने खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म दर्शकों को जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ परिवार की भावनाओं से भी जोड़ने वाली है। इतना ही नहीं, अभिनेता ने इस फिल्म की कहानी को बेहतरीन बताया।

# 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग में जुटे सलमान खान

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं। पिछली बार वह फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे, लेकिन उम्मीदों पर खरी न उतर पाने के कारण यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी। अब सलमान अपने अगले मेगा प्रोजेक्ट 'बैटल ऑफ गलवान' के साथ चर्चा में हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने 'मुंबई से आया मेरा दोस्त' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और उसके बाद कई चर्चित फिल्में दीं। 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग 20 अगस्त से लद्दाख की वादियों में शुरू हो चुकी है। निर्देशक अपूर्व लाखिया ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे फैंस के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म की कहानी साल 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है, जिसने पूरे देश को हिला दिया था। इस फिल्म में सलमान खान कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं, जो भारत माता के लिए वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह किरदार सलमान के करियर के सबसे गंभीर और जिम्मेदार रोल्स में से एक माना जा रहा है। फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बन रही है। दोनों को पर्दे पर एक साथ देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक नई और ताज़ा जोड़ी होगी। देशभक्ति, एक्शन और भावनाओं से भरपूर 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर मेकर्स का दावा है कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली वार ड्रामा फिल्मों में से एक साबित होगी।



# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमला

## सिर पर चोट, आरोपी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह CM आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली CM ऑफिस ने बयान में कहा कि जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली BJP अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- आरोपी ने CM का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को आज ही कोर्ट में पेश भी किया जाएगा। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आरोपी 24 घंटे से CM की रेकी कर रहा था। इधर, घटना के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव और कई मंत्री रेखा गुप्ता का हालचाल जानने सीएम हाउस पहुंचे। यहीं पर सीएम का इलाज चल रहा है। सोशल मीडिया में CCTV भी वायरल हो रहा है। इसमें खीमजीभाई 19 अगस्त को CM के शालीमार बाग निवास का रेकी करता हुआ दिख रहा है।

### प्रवेश वर्मा का दावा- आरोपी ने पहले रेकी की थी

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- दिल्ली को एक ऐसी मुख्यमंत्री मिली है जो रोजाना अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही हैं। दिल्ली-NCR से रोजाना 1000-2000 लोग CM के पास आते थे। आज जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। हम मुख्यमंत्री से मिले, वह घायल थीं। उनकी MLC की गई। उन्होंने कहा- हमें पता चला है कि आरोपी व्यक्ति पिछले 24 घंटों से सीएम की रेकी कर रहा था, उसने गुप्ता के शालीमार बाग स्थित घर की भी रेकी की। रात सिविल लाइंस में भी गुजारी, ताकि वह मुख्यमंत्री से मिल सके। आज जब वह आया, तो उसके हाथ में कोई कागज नहीं था। उसने सीएम से मिलते ही हमला किया।



### आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं 9 मुकदमे

रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ राजकोट में 9 मामले दर्ज हैं। इनमें ज्यादातर मामले शराब पीकर दुर्व्यवहार, आपराधिक धमकी देने और हमले के हैं। सीएम पर हमला करने के बाद आरोपी की मां का भी बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने कहा कि उसका दिमाग सही नहीं है। आरोपी की मां ने कहा कि बेटे ने कुत्तों के प्रति प्रेम के चलते ऐसा किया। सोशल मीडिया पर उसने एक वीडियो देखा था। जिसमें दिल्ली में कुत्तों को ले जाते हुए कुछ लोग दिखाई दे रहे थे। वह ये वीडियो देखकर भड़क गया था। उसने वीडियो को देखने के बाद खाना भी नहीं खाया। उसकी पत्नी और एक बेटा है।

### पशु प्रेमी है भानु सकरिया

आरोपी की मां के अनुसार, भानु पशु प्रेमी है। वह नियमित रूप से कुत्तों और गायों को रोटी खिलाता है। मां ने बताया कि जबसे सुप्रीम कोर्ट का आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में डालने को लेकर फैसला आया है, तबसे उसका गुस्सा बढ़ गया। इसके बाद उसने बिस्तर पर भी मुक्के मारे थे। इसके बाद उसने दिल्ली जाने का फैसला लिया था। हालांकि पुलिस के सामने एक एंगल किसी रिश्तेदार को जेल से छुड़ाने को लेकर भी आया, लेकिन अब पुलिस की जांच में पता चला है कि ऐसा कुछ नहीं है। उसका कोई भी रिश्तेदार जेल में नहीं है। फिलहाल दिल्ली पुलिस, आईबी और स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही हैं।

### सीएम से की बेटे को माफ करने की अपील

आरोपी की मां ने कहा- मैं सीएम से मेरे बेटे को माफ करने की अपील करती हूं। वह घर से उज्जैन जाने के लिए कहकर निकला था। वह महीने में कम से कम एक बार जाता है। आरोपी की मां ने कहा- वह उज्जैन से दिल्ली कब निकल गया, पता नहीं। कल जब पति ने उससे फोन कर पूछा कि वह वापस कब लौटेगा तो उसने कहा कि वह कुत्तों के सिलसिले में दिल्ली में है।

# असम में पांच करोड़ रुपए से अधिक की याबा टैबलेट्स जब्त

## दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी | गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के श्रीभूमि जिले में बुधवार को पांच करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के प्रतिबंधित याबा टैबलेट्स जब्त किए गए। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने पुवामारा बायपास पर मादक पदार्थ निरोधक अभियान चलाया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस ने 29,400 याबा टैबलेट्स बरामद कीं और मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। याबा टैबलेट भारत में प्रतिबंधित है क्योंकि इसमें मेथामफेटामीन और कैफीन होती है।

उपराष्ट्रपति चुनाव

# एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने भरा नॉमिनेशन

## मोदी पहले प्रस्तावक; शाह-राजनाथ, नड्डा भी मौजूद रहे

एजेंसी | नई दिल्ली

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। 17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन के नाम पर सहमति बनी थी। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनके नाम का औपचारिक ऐलान किया।



### 9 सितंबर को चुनाव

### मुख्य प्रतिद्वंद्वी और चुनाव तिथियाँ

राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग 9 सितंबर को होगी, और उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं।

# अहमदाबाद में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी | अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 8वीं कक्षा के एक छात्र ने 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार दोपहर की है। देर शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए करीब 2 हजारों लोगों की भीड़ ने बुधवार सुबह स्कूल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की।



### प्रिंसिपल समेत पूरे स्टाफ को पीटा

सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही लोगों ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए। अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मालिक ने ही करवाए थे 32 करोड़ के हीरे चोरी

**सूरत।** गुजरात के सूरत में 32 करोड़ के हीरा चोरी केस का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मुख्य आरोपी कंपनी का मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ही निकला। उसने इंश्योरेंस की रकम हड़पने के लिए साजिश रची थी। देवेंद्र ने साजिश में अपने दोनों बेटों, ड्राइवर और उसके दो साथियों को शामिल किया था। कापोद्रा पुलिस और सूरत क्राइम ब्रांच ने मिलकर इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया। पुलिस के मुताबिक, डीके एंड संस डायमंड कंपनी के मालिक देवेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि उस पर कर्जा बढ़ गया था। इसी वजह से उसने हीरे चोरी की साजिश रची। ड्राइवर और उसके दो साथियों से 10 लाख में डील की। एडवांस में 5 लाख भी दिए थे।

### सरकारी कर्मियों की अविवाहित या तलाकशुदा बेटियों को भी फैमिली पेंशन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि मृत सरकारी कर्मचारियों या पेंशनभोगियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियों को भी कुछ शर्तों के तहत पारिवारिक पेंशन (फैमिली पेंशन) का हक है। लोकसभा में बुधवार को एक लिखित जवाब में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। जितेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 में और 26 अक्टूबर 2022 को जारी कार्यालय ज्ञापन में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं, ताकि मृतक कर्मचारी या पेंशनभोगी की विधवा या तलाकशुदा बेटी को उनकी बारी आने पर पेंशन मिल सके।

### बंदरगाहों से 11,310 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 से 2024 के बीच देशभर के विभिन्न बंदरगाहों से 11,310 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग्स जब्त की गईं। राज्यसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि इनमें सबसे अधिक 7,350 करोड़ की ड्रग्स गुजरात से पकड़ी गईं, जिनमें मुंद्रा पोर्ट से ही 6,386 करोड़ की हेरोइन और कोकीन बरामद हुई। महाराष्ट्र से 2,367 करोड़, तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट से 1,515 करोड़ और पश्चिम बंगाल से 78 करोड़ की मादक पदार्थ जब्त किए गए।

### आंध्र प्रदेश में रतन टाटा इनोवेशन हब का उद्घाटन

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को अमरावती में 'रतन टाटा इनोवेशन हब (आरटीआईएच) और राज्य में इसके पांच अन्य केंद्रों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के साथ टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नायडू ने अमरावती हब से विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, विजयवाड़ा, अनंतपुर और तिरुपति के आरटीआईएच क्षेत्रीय केंद्रों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

# चुनाव डाटा हेराफेरी में फंसा सीएसडीएस

## कारण बताओ नोटिस जारी करेगी आईसीएसएसआर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR) ने सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज (CSDS) को चुनावी आंकड़ों में हेराफेरी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने का फैसला किया है। ICSSR ने कहा कि CSDS द्वारा डेटा हेराफेरी और भारतीय चुनाव आयोग (ECI) की पवित्रता को कम करने के प्रयास को गंभीरता से देखा जा रहा है।



### विवाद का केंद्र : संजय कुमार का पोस्ट

CSDS के प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने पिछले साल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से संबंधित दो सीटों के मतदाताओं के गलत आंकड़े सोशल मीडिया पर साझा किए थे। पोस्ट में दावा किया गया था कि राज्य विधानसभा चुनावों में दो सीटों पर मतदाताओं की संख्या 2024 के आम चुनावों की तुलना में कम हुई है। यह दोनों चुनाव लगभग छह महीने के अंतराल पर हुए थे। बाद में संजय कुमार ने अपने पोस्ट को हटा दिया और माफी भी मांगी।

### सरकार की प्रतिक्रिया

राज्यसभा में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि CSDS से जुड़े एक महत्वपूर्ण व्यक्ति ने जानबूझकर और निहित स्वार्थ के तहत गलत आंकड़े पोस्ट किए। उन्होंने बताया कि यह संस्था भारत सरकार के फंड का उपयोग करती है, इसलिए संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती देना उचित नहीं है। ICSSR अब CSDS को नोटिस जारी करके इस मामले में स्पष्टीकरण मांगेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में किसी प्रकार की हेराफेरी न हो।

# असम के मोरीगांव में जेल से दो कैदी फरार

**मोरीगांव।** असम के मोरीगांव जिला कारागार से दो सजायाफ्ता कैदी बुधवार को दीवार फांदकर फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कैदियों ने पहले अपनी बैरक की खिड़की के सरिये तोड़ दिए और फिर चादर व तौलियों की मदद से जेल की दीवार फांदकर भाग गए। अधिकारी के मुताबिक, फरार कैदियों की पहचान जियारुल इस्लाम और सुब्रत सरकार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जियारुल इससे पहले भी एक बार जेल से भाग चुका है और उसे बाद में आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी के अनुसार, जेल से फरार दूसरा कैदी सुब्रत सरकार यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से जुड़े एक मामले में सजा काट रहा था।

# गोवा में कैंसर अस्पताल 2027 से पहले बनेगा : राणे

एजेंसी | पणजी

गोवा में बम्बोलिम क्षेत्र में राज्य सरकार के सहयोग से टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई के सहयोग से एक नया कैंसर अस्पताल विकसित किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने बुधवार को अपने वालपोई विधानसभा क्षेत्र के नागरगाओ गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह अस्पताल 2027 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा।



### सुरक्षा और जीवन स्तर में सुधार

राणे ने कहा कि प्रमोद सावंत सरकार ने आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और सुरक्षा की भावना सुनिश्चित करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह नया कैंसर अस्पताल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

### राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाना

राणे ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के घर-घर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है।

### क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र और निदान सुविधाएं

मंत्री ने बताया कि कोडाल और सात्रे जैसे ग्रामीण इलाकों में आदर्श उप-स्वास्थ्य केंद्र जल्द ही स्थापित होंगे। इसके साथ ही, घर-द्वार पर निदान सेवाएं शुरू की गई हैं, ताकि लोगों को समय पर इलाज मिल सके।

# वित्तमंत्री के नाम पर फर्जी निवेश योजना को लेकर चेताया

एजेंसी | नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक नया निवेश प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। वीडियो में कहा गया है कि सिर्फ 21 हजार रुपए निवेश करके हर महीने 20 लाख रुपए कमाए जा सकते हैं। पीआईबी की फैक्ट चेक टीम ने इस दावे को पूरी तरह गलत और भ्रामक करार दिया। टीम ने स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री या सरकार ने ऐसी कोई योजना शुरू ही नहीं की है। वीडियो में वित्त मंत्री को कथित तौर पर 'क्वांटमएआई' नामक निवेश प्लेटफॉर्म प्रमोट करते हुए दिखाया गया है, जो पूरी तरह फर्जी है। पीआईबी ने जनता को आगाह किया है कि वे ऐसे वायरल दावों पर विश्वास न करें। किसी भी निवेश में पैसा लगाने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और केवल आधिकारिक और सत्यापित स्रोतों पर भरोसा करें।

# भारत-चीन सीमा पर कम विवादित क्षेत्रों से शुरू होगा सीमांकन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और चीन ने लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। दोनों देशों ने फिलहाल कम विवादित क्षेत्रों से सीमांकन प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत पहले उन इलाकों की पहचान की जाएगी, जहाँ टकराव की संभावना न्यूनतम है। इन क्षेत्रों में सीमांकन कर स्थायी रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा तय करने के लिए खंभे लगाए जाएंगे।



### एससीओ शिखर सम्मेलन में चर्चा

स्रोतों के अनुसार, इस समझौते पर 31 अगस्त को तिआनजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी, जहां भारत और चीन के शीर्ष नेता आमने-सामने होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया दोनों देशों के बीच रिश्तों में सुधार और व्यावहारिक सहयोग की दिशा में बड़ा मोड़ साबित हो सकती है।

### तकनीकी विशेषज्ञ समूह का गठन

इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (WMCC) के तहत एक तकनीकी विशेषज्ञ समूह गठित किया गया है। यह सहमति मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच 24वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता में बनी।

# पांच लाख यात्रियों ने सालाना फास्टैग पास अपनाया

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार की वार्षिक फास्टैग पास योजना ने सिर्फ चार दिनों (15 अगस्त से 18 अगस्त 2025) में पांच लाख से अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर लिया है। यह योजना आम सड़क यात्रियों को महंगे टोल टैक्स से राहत देने के लिए शुरू की गई थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, फास्टैग पास खरीदने में तमिलनाडु सबसे आगे रहा, इसके बाद कर्नाटक दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा। इन राज्यों में टोल प्लाज़ा पर सबसे अधिक टोल भुगतान भी इसी पास के माध्यम से हुआ।




### एनएचएआई का राजमार्गयात्रा ऐप

इस बीच, एनएचएआई का राजमार्गयात्रा ऐप गूगल प्ले स्टोर पर ओवरऑल रैंकिंग में 23वें और यात्रा श्रेणी में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ऐप को अब तक 15 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया गया है और इसकी रेटिंग 4.5 स्टार हो गई है। फास्टैग पास लॉन्च के बाद यह ऐप सरकारी ऐप्स में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।

# दिल्ली के 50 स्कूलों को बम की धमकी मिली

## प्रशासन ने स्कूल खाली करवाए

## 2 दिन पहले भी मिले थे ईमेल

एजेंसी | नई दिल्ली

बुधवार सुबह दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। इनमें द्वारका के राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर का एसकेवी और प्रसाद नगर का आंध्रा स्कूल शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, मालवीय नगर के एसकेवी स्कूल को सुबह 7:40 बजे और आंध्रा स्कूल को 7:42 बजे धमकी




की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कोई विस्फोटक नहीं मिला। घटना के बाद बच्चों के माता-पिता चिंतित हो गए।

### जांच जारी

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि ईमेल कहां से भेजे गए और धमकी के पीछे कौन लोग हैं। इससे पहले 18 अगस्त को भी दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसके बाद उन्हें खाली कराना पड़ा था।

जल संकट | उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु सबसे प्रभावित

# देश के 3 राज्यों में पानी की भारी किल्लत

## कई जिले 'अति-दोहित' श्रेणी में

एजेंसी | नई दिल्ली

एक तरफ जहां देश के कई राज्यों में बारिश की वजस से बाढ़ जैसे हालात है, वहीं दूसरी तरफ कई राज्य इस समय पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु देश के ऐसे शीर्ष तीन राज्य हैं, जहां के सबसे अधिक जिले जल संकट से प्रभावित



हैं। उत्तर प्रदेश के 38 जिले, राजस्थान के 29 जिले और तमिलनाडु के 22 जिले पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। इन्हें 'अति-दोहित', 'गंभीर' और 'अर्ध-गंभीर' श्रेणियों में रखा गया है। कुल मिलाकर देशभर के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 जिले 'अति-दोहित', 22 'गंभीर' और 69 'अर्ध-गंभीर' स्थिति में हैं।

### अन्य राज्यों की स्थिति

- हरियाणा: 16 अति-दोहित, 1 गंभीर और 2 अर्ध-गंभीर जिले।
- पंजाब: 19 अति-दोहित और 1 गंभीर जिला।

### राहत की उम्मीद

भारतीय मौसम विभाग (IMD) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली जैसे राज्यों में बारिश से अस्थायी राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, तमिलनाडु में ऐसी संभावना कम है।

### जल शक्ति अभियान और सरकारी प्रयास

- 2019: जल शक्ति मंत्रालय ने जल शक्ति अभियान (JSA) शुरू किया।
- 2021: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कैच द रेन – व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स' टैगलाइन के साथ JSA: CTR की शुरुआत की।
- 2023: 'पेयजल के लिए स्रोत स्थिरता' थीम पर फोकस।
- 2024: 'नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम अपनाई गई, जिसमें 151 जिलों को प्राथमिकता दी गई।